# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार
08 मई 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 69 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बलों की तारीफ की

## पूरी कैबिनेट ने थपथपाई मेज



**नई दिल्ली** । भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक कर दी। इसके बाद सेना और सरकार ने प्रेस ब्रीफिंग के जरिए पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस और केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कैबिनेट की बैठक में पीएम मोदी व अन्य – फोटो : यूट्यूब वीडियो ग्रैब– पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। दरअसल, भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की।

**पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाई–** क्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी।

शेष पेज 2 पर

## सेना की जाबांजी को सलाम, हम सरकार के साथ खड़े हैं': कांग्रेस

नई दिल्ली । कांग्रेस पार्टी ने सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कार्यसमिति की बैठक बुलाई थी। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत कई नेता शामिल हुए। वहीं इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम भारतीय सेना पर गर्व है जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है।

भारतीय सेना की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कांग्रेस ने कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई थी। जिसमें तमाम शीर्ष कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता की।

शेष पेज 2 पर

# पाकिस्तान से जंग नहीं चाहता भारत लेकिन फिर कोई हिमाकत की तो...

## अजीत डोभाल ने चीन को फोन कर अच्छे से समझा दिया




नई दिल्ली। रूसी एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल बोने के कूटनीतिक सलाहकार से भी संपर्क स्थापित किया गया। एनएसए डोभाल ने अपने समकक्षों को की गई कार्रवाई और निष्पादन के तरीके के बारे में जानकारी दी, जो कि मापा हुआ, गैर–बढ़ाने वाला और संयमित था।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ जगहों पर आतंकवादियों और आतंकवादी ढांचे पर लक्षित हमलों के तुरंत बाद, एनएसए अजीत डोभाल ने कई देशों के अपने समकक्षों से बात की, जिनमें अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, यूके एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई एनएसए शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मसाटाका ओकानो शामिल हैं।

रूसी एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल बोने के कूटनीतिक सलाहकार से भी संपर्क स्थापित किया गया। एनएसए डोभाल ने अपने समकक्षों को की गई कार्रवाई और निष्पादन के तरीके के बारे में जानकारी दी, जो कि मापा हुआ, गैर–बढ़ाने वाला और संयमित था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एनएसए डोभाल ने चीन से दो टूक शब्दों में कहा है कि भारत पाकिस्तान से जंग नहीं चाहता, लेकिन अगर उसने कोई हिमाकत की तो करारा जबाब मिलेगा।

गौरतलब है कि भारती की कार्रवाई के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा था कि हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं।

शेष पेज 2 पर

## भारत के ऑपरेशन के बाद जिहादी जनरल के तेवर हुए ढीले, कहा- हम तनाव खत्म करने को तैयार



**नई दिल्ली** । पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर का एक बयान सामने आया है। आसिम मुनीर कह रहे हैं कि भारत ने नहीं उकसाया तो हम तनाव खत्म करने को तैयार है।

22 अप्रैल के दिन को कोई भी हिंदुस्तानी नहीं भूल सकता है। लेकिन 7 मई के दिन पर पूरा भारत गर्व महसूस कर रहा है। जो बदला भारतीय सेना ने लिया उसके लिए हर कोई जश्न के मूड में है और हर कोई भारतीय सेना को सैल्यूट कर रहा है। भारत की तरफ से चलाए गए इस स्ट्राइक को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत के इस एक्शन के बाद अब पाकिस्तान के तेवर भी ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं। कल तक हिंदू मुस्लिम करने वाले पाकिस्तान के जनरल अब शांति की बात करते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर का एक बयान सामने आया है।

शेष पेज 2 पर

## प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को तबादला लेना हुआ आसान

# पति–पत्नी दोनों के नौकरी करने में बदले गए नियम

लखनऊ । यूपी सरकार ने स्थानांतरण नीति–2025–26 में कर्मचारियों को कई सहूलियत दी हैं। इसमें दिव्यांग कर्मियों को विशेष रियायतें मिली हैं। तबादले की प्रक्रिया आसान बनाई गई है।

कैबिनेट से मंजूर स्थानांतरण नीति–2025–26 में कर्मचारियों को कई सहूलियत दी गई है। नीति में मानसिक मंदित और चलने–फिरने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों के माता–पिता की तैनाती वहां करने की व्यवस्था की गई है, जहां उनके बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। प्रदेश के 100 आकांक्षी विकास खंड वाले 34 जिलों में किसी भी विभाग में कोई पद खाली नहीं रहेगा।

तबादला सत्र के बाद समूह क के साथ ही समूह ख के स्थानांतरण विभागीय मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री के अनुमोदन से होगा। नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज ने मंगलवार की शाम स्थानांतरण नीति संबंधी शासनादेश जारी भी कर दिया। तबादले के लिए कटऑफ डेट 31 मार्च 2025 को माना जाएगा। दायरे में न आने वाले समूह ग के कर्मचारियों का पटल जरूर बदला जाएगा। समूह क व ख की तय सीमा से अधिक स्थानांतरण के लिए सीएम से अनुमति लेनी होगी।



### नई स्थानांतरण नीति सहित कैबिनेट ने लिए 11 महत्वपूर्ण फैसले, पार्किंग के लिए बने नए नियम

- पति–पत्नी दोनों के सरकारी सेवा में होने पर यथासंभव एक ही जिला में स्थानांतरण का मौका
- दिव्यांग कार्मिक या ऐसे कार्मिक या आश्रित के 40% से अधिक दिव्यांग होने पर उन्हें तबादले से मुक्त रखा जाएगा
- दिव्यांग कार्मिकों को गंभीर शिकायतों या फिर अपरिहार्य कारणों पर ही स्थानांतरित किया जाएगा
- दिव्यांग कार्मिक के अनुरोध पर पद की उपलब्धता के आधार पर उन्हें गृह जिले में तैनाती मिलेगी
- दो साल में सेवानिवृत्त होने वाले समूह ग व घ को गृह जिले और क व ख को गृह जिला छोड़ इच्छानुसार तैनाती

समूह ग व घ के 10 प्रतिशत से अधिक होने पर विभागीय मंत्री से अनुमोदन लेना होगा।

शेष पेज 2 पर

## 'जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे... ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली** । राजनाथ ने कहा कि हमने भगवान हनुमान के उस सिद्धांत का पालन किया जिसका पालन उन्होंने अशोक वाटिका में जाते समय किया था। जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे। हमने उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे निदोर्षों को मारा।

6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप जानते हैं कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। सफल ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिर्फ उन लोगों को मारा जो हमारे निर्दोष लोगों की हत्या में शामिल थे। इस दौरान "भारत माता की जय् के नारे भी लगे।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान की कुटाई पर बीच में कूदा तुर्की, भारत का नाम लेकर कहा-

# ऐसे भड़काऊ कदमों की निंदा करते हैं



**नई दिल्ली** । तुर्की और पाकिस्तान हाथ में हाथ डाले भारत के बदले पर दुख मना रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया से पाकिस्तान में खौफ है। पूरा देश घबराया हुआ है और सभी इधर उधर भाग रहे हैं।

इधर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया और उधर इस्लामाबाद से लेकर रावलपिंडी तक में कोहराम मच गया। नतीजन पाकिस्तान के हमदर्द उससे संपर्क साधाना शुरू कर चुके हैं। चीन का मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स पहले ही पाकिस्तान की आवाज बनकर इस्लामाबाद के दुख दर्द को पूरी दुनिया को चीख चीख कर बता रहा था। दूसरी तरफ तुर्की की तरफ से पाकिस्तान को घुमाया गया फोन बता रहा है कि ये हमला पाकिस्तान के लिए जितना बड़ा जख्म था उतना ही तुर्की के लिए भी गहरा झटका रहा। तुर्की और पाकिस्तान हाथ में हाथ डाले भारत के बदले पर दुख मना रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया से पाकिस्तान में खौफ है। पूरा देश घबराया हुआ है और सभी इधर उधर भाग रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

## सिंदूर का प्रहारः कंधार से पहलगाम तक 25 मिनट में 25 साल का हिसाब बराबर,

# आतंकी शिविरों का ओसामा से क्या कनेक्शन

**नई दिल्ली** । ऑपरेशन सिंदूर के तहत सशस्त्र बलों ने सटीक निशाना साधने वाली रक्षा प्रणालियों के जरिए नौ आतंकी ठिकानों पर 25 मिसाइलें दागीं। इन नौ आतंकी ठिकानों पर प्रहार कितना जरूरी था और इनका आतंकी सरगनाओं से क्या कनेक्शन था?

6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। इस पराक्रम के तहत नष्ट किए गए आतंकी ठिकानों के बारे में बारी–बारी से जानते हैं...




पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित पांच आतंकी ठिकाने

1. सवाई नाला कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके

कहांः नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर।

किसका कैम्पः लश्कर–ए–तैयबा।

2024 में सोनगर्म और गुलमर्ग में हुए आतंकी हमलों के साथ–साथ पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों पर हुए हमले को अंजाम देने आए आतंकियों ने इसी शिविर में प्रशिक्षण लिया था। यह आतंकी शिविर 2000 में शुरू हुआ था। पाकिस्तान की फौज और आईएसआई के अफसर अक्सर यहां आते थे।

**2. मरकज सैयदना बिलाल कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके**

किसका कैम्पः जैश–ए–मोहम्मद।

यहां हथियार, विस्फोटक रखे जाते थे। यहां आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। पाकिस्तानी सेना का स्पेशल सर्विसेस ग्रुप यहां पर आतंकियों को ट्रेनिंग देने आता था।

शेष पेज 2 पर

# कोलकाता के ऐतिहासिक मधुसूदन मंच पर बड़े उत्साह से मनायाअसमिया प्रधान उत्सव रोंगाली बिहू

## पूर्वोत्तर के प्रमुख कलाकार 'लू मजाओ' का बिहू में विशेष अभिनंदन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

**असम।** कोलकाता की प्रमुख सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था कोलकाता असमिया सांस्कृतिक संस्था की पहल के तहत गत रविवार को कोलकाता के ऐतिहासिक मधुसूदन मंच पर असमिया के बाप्ती सहून रंगली बिहु को ₹ कोलकात 'रंगाली बिहू' के रूप में बड़ी धुमधाम से मनाया गया । कोलकाता रंगाली बिहू के प्रारंभ में जया शील घोष के मार्गदर्शन में आयोजित बिहू नृत्य कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने ओपन बिहू का प्रदर्शन किया। खुले बिहू के अंत में दर्शक उत्साहित थे और खुशी के साथ बिहू नृत्य में भाग लिया और सभी ने एक साथ में नृत्य किया। ओपन बिहू का प्रदर्शन करने वाले बिहू नृत्य दल को उचित नियमों के साथ मंच पर लाया गया और कोलकाता असमिया सांस्कृतिक संघ के आयोजकों के साथ-साथ एक नवविवाहित पुरुष महिला ने एक गृहस्थ के रूप में आशीर्वाद लिया। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष डॉ. खर्णींद्र पाठक ने स्वागत भाषण में कोलकाता



असमिया सांस्कृतिक संगठन की पहल के तहत आयोजित वर्ष के सभी कार्यक्रमों का उल्लेख किया और सभी उपस्थित लोगों से रंगली बिहू के साथ साथ अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि पूर्वोत्तर के प्रख्यात कलाकार 'लू मजाओ' को कोलकाता असमिया सांस्कृतिक संघ की ओर से सम्मानित भी किया गया। संस्था की वार्षिक त्रिभाषी पत्रिका का उन्मूलन प्रख्यात लेखक और अनुवादक साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त डॉ. नबमालती नेयोग चक्रवर्ती ने किया। प्रसिद्ध लेखक और व्याख्याता डॉ. ज्योतिष पायेंग 2025 संस्करण पत्रिका के संपादन के प्रभारी थे। रोंगाली बिहू का मुख्य सांस्कृतिक विषय जिंजिरी ठाकुरिया द्वारा निर्देशित कुछ पुराने असमिया गीतों पर आधारित एक नृत्य कार्यक्रम के साथ शुरू होता है। इस नृत्य कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकार बंगाली भाषी हैं और इस तरह के सांस्कृतिक संघों को कोलकाता असमिया सांस्कृतिक संघ की एक अनूठी विशेषता और लक्ष्य के रूप में उद्धत किया गया । महा-प्रसाद इकट्ठा करने से लेकर, ग्राफिक्स डिजाइनिंग या मेहमानों को अपने पेशेवर जीवन से समय निकालकर पिछले तीन महीनों से कोलकाता रंगाली बिहू के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे चंदना सैकिया, जानी गोहेन, कश्मीरी कटकी, अरियाना ओजा हटखोवा, प्रबल भट्टाचार्य, मानस बोरा, देबाश्री चंदा, प्रांजल भट्टाचार्य, उदित मेश, स्वप्निल कश्यप, संजीव बैश्य, आलोक हजारिका सहित संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हितेन हटखोवा के योगदान का विशेष उल्लेख किया । कोलकाता की मुख्य सांस्कृतिक संध्या रंगाली बिहू का मुख्य आकर्षण, प्राणदीप दास और उनकी टीम बाउंड मॉर्फ्स ने कोलकाता के बिहू बलिया उपस्थित सभी लोगों को सभी प्रकार के गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया, जिन्होंने असमिया पुराने गीतों से नृत्य का ज्वार शरीर में ला दिया। कोलकाता रंगाली बिहू का परिचालन संस्था के उपाध्यक्ष अनुज गोगोई ने सुचारू रूप से किया। कोलकाता में रहने वाले असमिया समाज के अलावा, बंगालियों और अन्य समुदायों ने इस आयोजन पर स्वतःस्फूर्त रुप से हिस्सा लेकर पूर्ण सहयोग दिया ।

# पाकिस्तान की ओर से संभावित एयर स्ट्राइक का सामना करने की तैयारी।

## अकस्मात सायरनः असम के तिनसुकिया, डिगबोई में मॉक

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,

असम । केंद्र सरकार के निर्देश पर आज असम के 15 जिलों में मॉक ड्रिल की गई। इसी के मद्देनजर असम में ठीक 4 बजे तिनसुकिया जिले में दो स्थानों पर मॉक ड्रिल हुई। तिनसुकिया शहर में डिगबाई रिफाइनरी परिसर और थाना चौराहे पर शारक्षा द्वारा हवाई हमले के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में अखाड़ा अभ्यास आयोजित किया गया । दोपहर में अलार्म बजने की तेज आवाज ने तिनसुकिया शहर के बीचोंबीच थाना चौराहे पर दहशत पैदा कर दी। देखते ही देखते फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। थोड़ी देर बाद कुछ एम्बुलेंस आईं। नगर निगम कार्यालय भवन में आयोजित अग्नि अखाड़ा अभ्यास में जिला आयुक्त स्वप्निल पाल और पुलिस अधीक्षक अभिजीत दिलीप भी मौजूद थे। पॉल ने कहा कि हाल ही में जो जटिल हालात पैदा हुए हैं, उसे देखते



हुए हमें दुश्मन की ओर से अचानक होने वाले किसी भी हमले के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सावधानी हमें कई आपदाओं से बचा सकती है, उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए इस कवायद की व्यवस्था की गई है। साथ ही दिगवई के प्रशासनिक और स्थापना भवनों और तेल भंडारों में भी इस तरह के अग्निशामक यंत्र और बम आपदा अखाड़े प्रचलित हैं। इसके बाद शाम 7 बजे सुस्त व्यायाम किया गया । ऐसा इसलिए क्योंकि किसी भी एयर स्ट्राइक का पता चलते ही सारे बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे ताकि दुश्मन के विमान टारगेट साइट की पहचान न कर सकें। जिला आयुक्त ने कहा कि अगर ऐसी स्थिति पैदा होती है तो लोगों को वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था से भी बचना चाहिए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि यह कार्य जिले के नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, नगरपालिका, विद्युत, जनसंपर्क आदि सभी विभागों के साथ-साथ डिगबाई रिफाइनरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्ण समन्वय से सफलतापूर्वक किया गया है।

# पेज एक का शेष...

## ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बलों की तारीफ की

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया।

**ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कहां हमले किए-** इससे पहले पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

पीएम मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित-इस बीच प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूरोप की तीन देशों की यात्रा रद्द कर दी गई है। मोदी 13 से 17 मई तक क्रोएशिया, नॉर्वे और नीदरलैंड की यात्रा करने वाले थे। प्रधानमंत्री को नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नॉर्वे जाना था। संबंधित देशों को इस निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## पाकिस्तान से जंग नहीं चाहता भारत लेकिन फिर कोई हिमाकत की तो...

भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे। वे दोनों चीन के पड़ोसी भी हैं।

पहलगाम आतंकवादी हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए उसने कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। इसमें कहा गया, हम दोनों पक्षों से शांति व स्थिरता के व्यापक हित के लिए काम करने, शांति कायम रखने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाई करने से बचने का आग्रह करते हैं जिससे स्थिति और जटिल हो सकती है।

## पति-पत्नी दोनों के नौकरी करने में बदले गए नियम

समूह ग और घ का स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल से होगा। तबादले के बाद कार्यभार मुक्ति और ग्रहण करने की व्यवस्था ऑनलाइन होगी। समूह क के अधिकारियों का उनके गृह जिले में तबादला नहीं होगा।

**एक सप्ताह में करना होगा जॉइन-** स्थानांतरित कर्मियों को एक सप्ताह में प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना नए स्थान के लिए कार्यमुक्त किया जाएगा। इसके बाद वे स्वतः कार्यमुक्त माने जाएंगे। नीति में किसी भी संशोधन के लिए मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे।

## सेना की जाबांजी को सलाम, हम सरकार के साथ खड़े हैं: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनौपचारिक आपातकालीन बैठक में शामिल हुए।

जांबाज सैनिकों के साहस और राष्ट्रभक्ति को सलाम- कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, हम भारतीय सेना पर गर्व करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं... आतंकवादी हमले के पहले दिन से ही कांग्रेस ने सेना और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "हम भारतीय सेना पर गर्व करते हैं जिन्होंने #ङ्क्षस्री१ं३ङ्मल्ल२ल्लङ्क्षङ्म१ के तहत पाकिस्तान और ढङ्कङ्क के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुंह तोड़ जवाब दिया है।

वहीं इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हमने कार्यसमिति में चर्चा की। हमारी सेनाओं को पूरा समर्थन। उन्हें शुभकामनाएं। उन्हें ढेर सारा प्यार। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पूरा समर्थन है। हमें कल सर्वदलीय बैठक के लिए बुलाया गया है।

भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना के जांबाजों ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया। वहीं पाकिस्तान ने इस हमले को लेकर दावा किया है, भारतीय हवाई हमले में 26 लोगों की मौत हुई है।

पहलगाम में भीषण आतंकी हमला- पहलगाम में आतंकियों ने 22 अप्रैल को बायसरन घाटी में मौजूद घास के मैदान में छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। इस दौरान आतंकियों ने सभी से नाम पूछकर उनके परिजनों के सामने गोली मार दी थी। जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे। इसी कड़ी में आज भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की गई है।

## भारत के ऑपरेशन के बाद जिहादी जनरल के तेवर हुए ढीले, कहा- हम तनाव खत्म करने को तैयार

आसिम मुनीर कह रहे हैं कि भारत ने नहीं उकसाया तो हम तनाव खत्म करने को तैयार है।

आपको बता दें कि पाकिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी चीफ को लोग मुल्ला मुनीर के नाम से बुलाते है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया उल हक को अपना आइडियल मानते हैं। मुल्ला मुनीर हैं जो पुलवामा हमले के दौरान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के चीफ थे। हमारे (हिंदुओं और मुसलमानों के) धर्म अलग हैं, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं अलग हैं, हमारे विचार अलग हैं, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं... हम दो राष्ट्र हैं, हम एक राष्ट्र नहीं हैं, जैसे बयान देकर लोगों को उकसा रहे थे।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि उनका देश तनाव कम करने के लिए तैयार है - बशर्ते भारत पहले तनाव कम करने को तैयार हो। ब्लूमबर्ग टेलीविजन से बात करते हुए, आसिफ ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि इस्लामाबाद का शत्रुता शुरू करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर उकसाया गया तो वह जवाबी कार्रवाई करने से नहीं हिचकिचाएगा। हमने पिछले दो हफ्तों में लगातार कहा है कि हम भारत के खिलाफ कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे। हालांकि, अगर हम पर हमला होता है, तो हम जवाब देंगे।

## जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे... ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा कि हमने भगवान हनुमान के उस सिद्धांत का पालन किया जिसका पालन उन्होंने अशोक वाटिका में जाते समय किया था। जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे। हमने उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे निर्दोषों को मारा। उन्होंने कहा कि हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें योजना के अनुसार सटीकता से नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम किया।

दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए भारत के विभिन्न दलों के नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की सराहना की और सोशल मीडिया पर भारत माता की जय और जय हिंद जैसे देशभक्ति के नारे पोस्ट किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत माता की जय कहा, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर जय हिंद और जय हिंद की सेना लिखा।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है, जय हिंद। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जय हिंद! ऑपरेशन सिंदूर! कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भी पोस्ट कर लिखा, जय हिंद। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, सत्यमेव जयते। जय हिंद की सेना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उनका अभिवादन करते हुए कहा, भारतीय सेना जिंदाबाद। जय हिंद।

## ऐसे भड़काऊ कदमों की निंदा करते हैं

भारत ने जिस तरह से पीओके में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया उसके बाद पाकिस्तान समझ नहीं पा रहा कि भारत को जवाब कैसे दिया जाए। इन सब के बीच में तुर्की की तरफ से पाकिस्तान को फोन पहुंचा। इस फोन कॉल पर पाकिस्तान को संवेदना दी गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसको लेकर जानकारी भी साझा की है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तुर्की के विदेश मंत्री से फोन पर बात करने का दावा किया है। पाकिस्तान ने कहा कि तुर्की के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार को फोन करके भारत द्वारा पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के खिलाफ तुर्की की एकजुटता व्यक्त की है।

पाकिस्तान ने यहां स्पष्ट तौर पर कहा कि पाकिस्तान में आम नागरिक मरे हैं। लेकिन ग्लोबल आतंकी मसूद अजहर कह रहा है कि इस हमले में उसका परिवार मारा गया है। पाकिस्तान इस बात को स्वीकारे न स्पीकार तुर्की हर हाल में उसका साथ देगा। तुर्की ने तो ये भी कहा है कि क्षेत्रीय सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर हम चिंता व्यक्त करते हैं। तुर्की ने बयान जारी करते हुए कहा है कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच हो रहे घटनाक्रमों पर चिंता के साथ नजर रख रहे हैं।

तुर्की ने अपने बयान में कहा है कि भारत द्वारा कल रात (6 मई) किया गया हमला एक व्यापक युद्ध का जोखिम पैदा करता है। हम ऐसे भड़काऊ कदमों की निंदा करते हैं, साथ ही नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए हमलों की भी निंदा करते हैं। हम पक्षों से सामान्य ज्ञान का इस्तेमाल करने और एकतरफा कार्रवाई से बचने का आह्वान करते हैं। हमें उम्मीद है कि क्षेत्र में तनाव को कम करने के लिए जल्द से जल्द उपाय किए जाएंगे और आतंकवाद-रोधी क्षेत्र सहित आवश्यक तंत्रों को ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए लागू किया जाएगा। हम 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की जांच के लिए पाकिस्तान के आह्वान का भी समर्थन करते हैं।

## आतंकी शिविरों का ओसामा से क्या कनेक्शन

3. गुलपुर कैम्प, कोटली, पीओके

कहांः नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर।

किसका कैम्पः लश्कर-ए-तैयबा।

राजौरी और पुंछ में सक्रिय आतंकी इसी कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त करते थे। पुंछ में 20 अप्रैल 2023 को हुए हमले और रियासी में 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों पर हमला करने आए आतंकियों ने भी यहीं से ट्रेनिंग ली थी।

4. बरनाला कैम्प, भीमबेर, पीओके

कहांः नियंत्रण रेखा से नौ किमी दूर।

किसका कैम्पः लश्कर-ए-तैयबा।

यहां हथियार, आईईडी रखे जाते थे। आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। यहां एक बार में 100 से ज्यादा आतंकी रुक सकते थे।

5. अब्बास कैम्प, कोटली, पीओके

कहांः नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर।

किसका कैम्पः लश्कर-ए-तैयबा/जैश-ए-मोहम्मद

यहां पर लश्कर के फिदायीन दस्ते तैयार किए जाते थे। एक बार में 15 आतंकियों को प्रशिक्षण देने लायक जगह थी। माना जाता है कि जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी कारी जरार भी यहां आता था। पुंछ और राजौरी सेक्टर में घुसपैठ के लिए यहीं से आतंकी तैयार होते थे।

6. सरजल कैम्प, सियालकोट, पाकिस्तान

कहांः अंतरराष्ट्रीय सीमा से छह किमी दूर।

किसका कैम्पः जैश-ए-मोहम्मद।

मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों की जिन आतंकियों ने हत्या की, उन्होंने यहीं ट्रेनिंग हासिल की थी। जैश का आतंकी अब्दुल रउफ असगर इस कैम्प को चलाता था। यहीं पर आतंकियों को सुरंगें खोदना सिखाया जाता था। यहीं से आतंकी ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की खेप भारत में भेज रहे थे।

7. महमूना जोया कैम्प, सियालकोट, पाकिस्तान

कहांः अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12 से 18 किमी दूर।

किसका कैम्पः हिजबुल मुजाहिदीन।

यहीं से प्रशिक्षण लेने के बाद आतंकी जम्मू और कठुआ में घुसपैठ करते हैं। पठानकोट एयरबेस पर हुए हमले की साजिश यहीं रची गई थी। यह कैम्प एक स्वास्थ्य केंद्र की आड़ में चल रहा था। जम्मू में आतंकी हमलों को अंजाम देने वाला इरफान टांडा इस कैम्प को चलाता था।

8. मरकज तैयबा कैम्प, मुरीदके, पाकिस्तान

कहांः अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18 से 25 किमी दूर।

किसका कैम्पः लश्कर-ए-तैयबा।

पाकिस्तान के अंदर मौजूद सबसे बड़े आतंकी ठिकानों में से एक। 2008 के 26/11 मुंबई हमलों को अंजाम देने आए आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अजमल कसाब और डेविड हेडली को भी यहीं पर ट्रेनिंग दी गई थी, जिसे दौरा-ए-रिब्बत कहा जाता है। तहव्वुर राणा भी यहां पर आया था, जिसे अब अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा चुका है। यहां पर चार मिसाइलें दागी गईं। अल कायदा के सरगना आतंकी ओसामा बिन लादेन ने यहां पर एक गेस्ट हाउस बनाने के लिए 10 लाख पाकिस्तानी रुपये दान में दिए थे। लश्कर यहां पर आतंकियों की भर्ती दो हफ्ते का कोर्स पढ़ाता था, जिसमें नए आतंकियों का ब्रेनवॉश किया जाता था।

9. मरकज सुभानअल्लाह, बहावलपुर, पाकिस्तान

कहांः अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किमी दूर।

किसका कैम्पः जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय।


यहां पर लोगों को भड़काकर उन्हें आतंकी बनाया जाता था। भर्ती के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता था। आतंकी सरगना अक्सर यहां आते थे। फरवरी 2019 के पुलवामा हमले की साजिश यहीं से रची गई थी। इसी परिसर में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और उसके भाई असगर के घर भी थे। मसूद अजहर वही आतंकी है, जिसे 1999 के कंधार विमान अपहरण मामले के बाद यात्रियों की रिहाई के बदले छोड़ना पड़ा था। बाद में इसने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन बनाया।

# भारतीयों के आक्रोश, आंसू और व्यथा की प्रतिक्रिया है-ऑपरेशन सिंदूर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछ-पूछकर 26 लोगों के नरसंहार की घटना के बाद कल रात भारतीय सेना ने पराक्रम दिखाते हुए जिस तरह पाकिस्तान के अंदर आतंक के ठिकानों पर प्रहार किया है और आतंक के सरगनाओं की कमर तोड़ी है, उससे हर मेरठवासी को सुकुन मिला है। नेशनल प्रेस टाइम्स के ब्यूरो चीफ सचिन कुमार गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर पर मेरठ के कुछ खास लोगों से बातचीत की। सेना के पराक्रम और प्रहार के तरीके की तारीफ करते हुए

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में इतिहास विभाग की प्रो0 आराधना का कहना है कि भारत ने ह्यह्यऑपरेशन सिंदूरह्लह्ल के माध्यम से आतंक को करारा जवाब दिया है । पहलगाम में मारे गए निर्दोष भारतीयों की हत्या चुपचाप सहन नहीं की जाएगी । ऑपरेशन सिंदूर हम सभी भारतीयों के आक्रोश, आंसू और व्यथा की प्रतिक्रिया है। जय हो....विजय हो... हम सभी भारतीय सेना और मोदी जी के साथ हैं । यह नया भारत है, आतंक और आतंकवादियों को ठिकाने लगाने के लिए भारतीय सेना को बधाई और शुभकामनाएं।




मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल का कहना है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो कार्रवाई हुई है वह बहुत अच्छी है और यह जब तक आतंकवादी खत्म ना हो जाए यह कार्रवाई चालू रहनी चाहिए जय हिंद जय भारत

नोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के एमडी अमित कुमार का कहना है कि एक गर्वित भारतीय नागरिक के रूप में, हम भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को नमन करते हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से, हमारी सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसने पहलगाम में हमारे नागरिकों की बर्बर हत्या की थी। हमारी सेना के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना, आतंकवादियों के खिलाफ एक मजबूत कार्रवाई की है। यह ऑपरेशन न केवल आतंकवादियों के खिलाफ एक कड़ा संदेश है, बल्कि यह भी दिखाता है कि हमारी सेना अपने नागरिकों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से की गई कार्रवाई से अंतकी व उनके आकायो को सबक सिखाने का काम भारतीय सेना ने किया है जिससे प्रत्येक भारतीय अपने आप को सुरक्षित व भयमुत महसूस कर रहा है समस्त व्यापारी समाज सरकार व सेना के पूरी तरीके से साथ हैं। समस्त व्यापारी जगत की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी उनकी समस्त टीम व भारतीय सेना का हृदय से आभार।

शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव धमेन्द्र तोमर का कहना है कि आपरेशन सिन्दूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर जिस तरह से आतंकी कैम्पों पर हमला करके उन्हें नेस्तनाबूद किया उसने हमें छत्रपति शिवाजी महाराज की याद दिला दी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भी अफजल खान नामक आतंकवादी के कैम्प में घुस कर अफजल खान का पेट बाघ नक से फाड़ दिया था। आज फिर वो ही सब हमारी भारतीय सेना ने किया है जिसे देख कर भारतीय सेना पर फक्र हो रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने सिंदूर ऑपरेशन की सफलता पर कहा कि ष्आज हम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को श्रद्धा, सम्मान और गर्व के साथ नमन करते हैं। यह केवल एक सैन्य विजय नहीं, यह हमारे वीर जवानों के साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की अमर कहानी है। जब भी देश की सीमाओं पर खतरा मंडराया है, तब-तब हमारी सेना ने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत केवल एक भूभाग नहीं, यह वीरों की भूमि है, जहाँ हर सिपाही अपने प्राणों से भी अधिक देश की रक्षा को महत्व देता है।

# वक्फ सुधार संशोधन पर बैठक का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मेरठ।वक्फ सुधार संशोधन अभियान एवं वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के निमित्त आज मुकुंदी देवी धर्मशाला पर बैठक का आयोजन हुआ जिसमें महानगर अध्यक्ष श्री विवेक रस्तोगी जी ने पूरे अभियान की जानकारी साझा की , अभियान संयोजक श्री महेश बाली , विधानसभा प्रत्याशी श्री कमल दत्त शर्मा जी , मनोज वर्मा, राकेश गौड़ , मंडल अध्यक्ष विकास



गुप्ता, नरेश गुप्ता, अरविंद अरोड़ा पार्षद परवीन अरोड़ा, पूनम गुप्ता, मीनल गौतम , अनिल वर्मा के साथ सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।।

# एमपीजीएस में कवच-सेल्फ डिफेंस सुरक्षा कार्यक्रम आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। एमपीजीएस शास्त्री नगर, में विशेष सेल्फ डिफेंस सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अरुणोदय संस्था की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुभूति चौहान मुख्य अतिथि के रूप में तथा कवच संस्था के ट्रेनर्स उपस्थित रहे । सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना आहूजा ने सभी को सेपलिंग प्रदान कर उनका स्वागत किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य प्रदर्शनकर्ता वरुण रावत ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके बताएं । उन्होंने यह भी बताया कि आत्मविश्वास, सतर्कता और साहस किस प्रकार किसी भी संकट में सुरक्षा के सबसे बड़े हथियार बन सकते हैं। डॉ॰ अनुभूति चौहान ने छात्राओं को स्वयं को शशक्त बनाने हेतु ऐसे जीवन कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित किया तथा साथ ही इन सभी सीखों को अपनी जीवन शैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया । अंत में सभी कवच ट्रेनर्स का धन्यवाद करते हुए प्रधानाचार्या जी ने कहा कि इस प्रकार की सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग सभी के लिए महत्वपूर्ण है।

# ट्रांसपोर्टरों एवं बस यूनियन पदाधिकारियों की आपातकालीन बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन) मेरठ राजेश कर्दम ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन मेरठ एवं बस यूनियन के पदाधिकारी एवं ऑपरेटर्स की एक आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें देश में उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में वाहनों की आवश्यकता पड़ने के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। सभी को बताया गया कि दो से तीन घंटे की अवधि में वाहन कभी भी आपसे मांगे जा सकते हैं अतः आप अपने वाहनों को तैयार करें एवं अपने चालकों और परिचालकों को यह अवगत करा दे की आपको किसी भी



स्थिति में किसी भी समय जनपद से बाहर भेजा जा सकता है। उन्होंने सभी से अपनी तैयारी पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक में मौजूद समस्त ट्रांसपोर्टर द्वारा यह विश्वास दिलाया गया है कि देश की इस विषम परिस्थिति में ट्रांसपोर्टर एवं चालक परिचालक पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में एसोसियेशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा, दीपक गांधी महामंत्री, रोहित कपूर, अशोक शर्मा, अंकुर प्रजापति, अनीश चौधरी, अतुल शर्मा, सरदार खेता सिंह मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बच्चों को दी गई मॉकड्रिल की जानकारी



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बागपत। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अग्रवाल मंडी टटीरी में वन्दना सभा में सभी शिशुओं को मॉकड्रिल के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाज सेवी अरविन्द शर्मा रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की विपदा की स्थिति में क्या-क्या करना है और क्या-क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। ब्लैक आउट किस प्रकार किया जाना है, यह समझाया गया। हवाई हमले से बचाव की स्थिति में हमें किस प्रकार तथा किस स्थिति में बचना है, प्रत्यक्ष रूप से स्थिति बनाकर दशार्या गया। सभी आचार्यों की वन्दना सभा में उपस्थिति रही। प्रधानाचार्म उपेन्द्रदत्त शर्मा, आचार्य गजेन्द्र शर्मा, अंकुश कुमार, भूदत्त, सुदेश, नेहा, रश्मि, कविता, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

## तनाव के मद्देनजर सभी नर्सिंग होम में 10 प्रतिशत बैड ट्रामा मरीजों के लिए आरक्षित रहेंगे

मेरठ। पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और हवाई हमले को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद के सभी चिकित्सालयों को अपने अपने चिकित्सालय में उपलब्ध बैडों में से 10 प्रतिशत बैड ट्रामा मरीजों के लिए आरक्षित रखने के सम्बन्ध में एक पत्र जारी करते हुए दिशा निर्देश जारी किये हैं।जिलाधिकारी, सीडीओ, एसएसपी के साथ-साथ आईएमए सचिव एवं नर्सिंग होम एसोसियेशन को जारी पत्र में कहा गया है कि चिकित्सालयों में प्रयाप्त मात्रा में दवाईयां एवं उपकरण तैयार रखे जायें। सरकारी हास्पिटल से रैफर होकर आने वाले मरीजों को तत्काल भर्ती कर उपचार उपलब्ध कराया जाये। मरीजों को लाने ले जाने के लिए सभी क्रियाशील वाहनों की जांच कर ली जाये और इमरजेंसी सेवाओं को 24 घंटे उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। डॉक्टर, पैरा मैडिकल स्टाफ, प्रत्येक ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में खून की उपलब्धता सुनिश्चित करने ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर आपूर्ति बनाये रखने के आदेश दिये गये हैं।

# राज्य निदेशक आरसेटी त्रिभुवन सिंह ने किया केनरा बैंक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बागपत। नगर के मेरठ रोड स्थित केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सी बी आरसेटी) बागपत में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नियुक्त राज्य निदेशक आरसेटी त्रिभुवन सिंह का संस्थान के निदेशक योगेन्द्र कुमार सिंह , फैकल्टी रूपल चौहान एवं अनुज कुमार अग्रवाल तथा कार्यालय सहायक धीरज कुमार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

त्रिभुवन सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सभी स्टाफ को शुभकामनाये दी और वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कार्य योजना को सही रूप से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संस्थान के हॉस्टल, भोजन व्यवस्था और संस्थान के समस्त फाइल व रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया एवं ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को ऋण



सुविधा प्रदान कराके उनका व्यवसाय स्थापित करने पर जोर दिया। ऋण को प्राथमिकता देने व बैंक सुविधाओं से जुडने पर चर्चा की। राज्य निदेशक द्वारा बड़ौत में स्थित आर सेटी बागपत के नए भवन निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की गयी। इसके पश्चात अनसेटल्ड प्रशिक्षणार्थी मरजीना एवं अभिनव जयन्त से भी वातार्लाव कर काम करने के लिए प्रेरित किया। राज्य निदेशक के द्वारा दोनों ही प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा आगे बढ़ने की ओर प्रेरित किया। इस निरीक्षण पर राज्य निदेशक आरसेटी त्रिभुवन सिंह द्वारा आरसेटी स्टॉफ को उचित दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिये। साथ ही संस्थान में चल रहे 34 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित 28 प्रशिक्षणार्थियो से संवाद करते हुए उन्हें स्व रोजगार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की नई तकनीकों द्वारा मेकअप सहित हाइड्रा फेशियल, पील एवं सभी प्रकार के हेयर ट्रीटमेंट जैसे डैंड्रफ, स्पा आदि का प्रशिक्षण डोमेन स्किल ट्रेनर स्वेता बालियान द्वारा दिया जा रहा है। आगामी आने वाली 9 मई से संस्थान में फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों में जोश, सेना

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बागपत-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने बीती रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। इस ऑपरेशन को ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ नाम दिया गया है। सेना की इस साहसी कार्रवाई में दर्जनों आतंकियों को मार गिराया गया है। ऑपरेशन की सफलता पर देशभर में उत्साह का माहौल है, और बागपत में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने खुलकर भारतीय सेना का हौसला बढ़ाया।

शहर के चमरावल रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार रात जैसे ही ऑपरेशन की खबर आई, वैसे ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हो गए। कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद और भारतीय सेना अमर रहे जैसे नारे लगाए। इस दौरान पूरे वातावरण में राष्ट्रभक्ति की गूंज सुनाई दी।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने इस



अवसर पर कहा, पाकिस्तान की तरफ से जो कायराना हरकत पहलगाम में हुई, उसका मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी था। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक कदम है। यह सेना की ताकत और भारत की नीति का परिचायक है।

कार्यक्रम में कई प्रमुख भाजपा नेता और संगठन पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील दीक्षित, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा डिमरी, मास्टर जयप्रकाश, कपिल भारती, मांगेराम कश्यप, सौरभ सैनी, अनुज त्यागी, विवेक राणा, नितेश चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के साहसी नेतृत्व और सेना की वीरता की प्रशंसा करते हुए मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

इस मौके पर देशवासियों से अपील की गई कि वे एकजुट रहकर आतंकवाद के खिलाफ सेना का समर्थन करें।

संपर्क में आए लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ को भारत की कूटनीतिक और सैन्य रणनीति की बड़ी सफलता बताया है।

# दिव्यांगों को किया गया कृत्रिम अंग का वितरण

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बागपत। सर्व महिला उत्थान समिति एवं बागपत की सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था के टी विंग के संयुक्त तत्वावधान में बडौत में कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कृत्रिम अंगों के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन में खुशियां भरने वाला बागपत का ये पहला कार्यक्रम था। इस कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी के टी भैया ने की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिव्यांगजनों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आया है। दिव्यांगजन कृत्रिम अंगों की सहायता से अपना जीवन आत्मनिर्भरता और



गरिमा के साथ आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि के टी विंग का उद्देश्य सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मबल के साथ हर व्यक्ति को खड़ा करना है। कार्यक्रम में अतिथि उदयवीर सिंह सरोहा ककौर संगठन महासचिव पउप्र (राष्ट्रीय जाट महासभा भारत, उपाध्यक्ष सर्व महिला उत्थान समिति), सीमा चौधरी (अध्यक्ष सर्व महिला उत्थान समिति बागपत एवं मेरठ मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा), मास्टर सुनील कुमार आर्य (उपाध्यक्ष प्राइवेट पब्लिक एसोसिएशन स्कूल बागपत) व आशीष कंडवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि शास्त्री ने किया। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार यादव (एसडीएम बड़ौत) ज्योति बाला (बीडीओ, बड़ौत), डॉ मुरली लाल, डॉ मनीष, अंजू खोखर, नरेश त्यागी, मास्टर बलवान सिंह, आरआर डी उपाध्याय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में अशोक (निवासी मेहर पट्टी), कौशल (निवासी मलकपुर), गजेन्द्र (निवासी मलकपुर), मनीष (निवासी वाड़ राजा, बड़ौत), योगेंद्र (निवासी ककोर कलां बागपत) सहित लगभग 20 लोगों ने कृत्रिम अंग प्राप्त कर फायदा उठाया।

## संपादकीय

# यूएन की चेतावनी को नजरअंदाज न करें

इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चुन-चुनकर मारे गए 26 लोगों की मौत ने पूरे देश के अंतर्मन को झकझोरा है। साथ ही इस घटनाक्रम से उपजे आक्रोश ने सरकार पर आतंकियों व उनके आकाओं को सबक सिखाने का दबाब भी बनाया है। जिसके चलते दोनों देशों की तरफ से तल्ख बयानबाजी का जो दौर शुरू हुआ, वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। जवाबी कार्रवाई के दबाव में स्थितियां खतरनाक स्थिति की तरफ बढ़ गई है। दोनों देशों की सीमाओं में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। तीखी बयानबाजी के बीच सैन्य ताकत को बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं। लगातार चिंताजनक होती स्थिति के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से बयान आया है। दोनों पक्षों को अधिकतम संयम बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि तनाव का स्तर कम करने की कोशिश की जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का हस्तक्षेप और सुरक्षा परिषद के बंद कमरे में हुआ सलाह-मशविरा अंतर्राष्ट्रीय जगत की चिंता को ही रेखांकित करता है। निस्संदेह, संयुक्त राष्ट्र महासचिव की चेतावनी महज कूटनीतिक बयानबाजी नहीं है। निश्चित रूप से यह परमाणु हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष को टालने की महत्वपूर्ण कोशिश है। हालांकि, पाकिस्तान ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में ले जाकर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का उपक्रम किया था। लेकिन वैश्विक मूड हस्तक्षेप के बजाय तनाव कम करने पर केंद्रित नजर आया। इसमें दो राय नहीं कि अब तक भारत की ओर संयमित प्रतिक्रिया ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद ही की है। हालांकि, दंडात्मक कार्रवाई के लिये देश के भीतर बढ़ती मांग ने दिल्ली पर सैन्य विकल्पों पर विचार करने का दबाव जरूर डाला है। हालांकि देश के दीर्घकालीन हितों के मद्देनजर कूटनीतिक प्रयासों से समस्या के समाधान की कोशिश की जानी चाहिए। लेकिन इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जाता कि आंतरिक दबाव के चलते यदि सैन्य विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है, तो कालांतर इससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की शुरूआत हो सकती है। यह भी एक हकीकत है कि ऐसे मौके पर जब आतंकवादियों के क्रूर हमले में मारे गए लोगों के परिवार शोकाकुल हैं और जनता आक्रोशित है, संयम का आह्वान किसी को रास नहीं आएगा। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बड़े पैमाने पर संघर्ष को बढ़ावा देना कल्पना से अधिक तबाही ला सकता है। एक सैन्य टकराव न केवल इस उपमहाद्वीप को अपनी गिरफ्त में ले सकता है, बल्कि दशकों तक इस क्षेत्र को अस्थिर भी बनाये रख सकता है। विगत का अनुभव हमें याद कराता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध से न केवल जन-धन की व्यापक क्षति होती है बल्कि साथ में कूटनीतिक अलगाव और आर्थिक झटके भी मिलते हैं। इन हालात में यह जरूरी है कि दोनों देश बैक चैनल के जरिये कूटनीतिक प्रयास करें तथा विश्वास निर्माण के उपायों के लिए फिर से प्रतिबद्धता दिखाएं। वैश्विक समुदायों, खासकर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बयानों से आगे बढ़कर तनाव को बढ़ने से रोकने के लिये सक्रिय रूप से मध्यस्थता करनी चाहिए। हमें यह याद रखना चाहिए कि कश्मीर का सैन्य समाधान अतार्किक ही कहा जाएगा। एकमात्र वास्तविक समाधान निरंतर बातचीत में निहित है। दरअसल, आज अशांति के मूल कारणों को संबोधित करने की जरूरत है। पहली जरूरत इस बात की है कि शांति को नुकसान पहुंचाने वाले आतंकी नेटवर्क को नेस्तनाबूद किया जाए। इतिहास गवाह है कि युद्ध शांति का विकल्प कभी नहीं हो सकता। वहीं दूसरी ओर पड़ोसी कितना भी बुरा क्यों न हो भौगोलिक रूप से हम उसे बदल नहीं सकते। बुराई में अच्छाई की तलाश से स्थिति सामान्य बनाये रखने की कोशिश की जानी चाहिए। युद्ध की आकांक्षा रखने वाले लोगों को भी सोचना चाहिए कि कहीं न कहीं अंत में युद्ध की कीमत आम आदमी को ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से चुकानी पड़ती है।

# आपरेशन सिंदूर एक सार्थक पहल और सख्त

**पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है।**

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए ह्यआपरेशन सिंदूरह्न की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ह्यआपरेशन सिंदूरह्न में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

ह्यआपरेशन सिंदूरह्न से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया




है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव क्षमा करो और भूल जाओ को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला कर-के यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें।

फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।

पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है।

उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निदोर्षों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा। उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खडे. होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना। भारतीय सेना को अब और भी ज्यादा मुस्तैद-सतर्क रहना होगा और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी भी मजबूत रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान की तरफ से अगर कोई जवाबी कार्रवाई होती है, तो उसका हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके।

# पवित्र रिश्तों की अपवित्रताः जब मयार्दा लांघी जाती है, तब संस्कार रोते हैं

**सुरेंद्र मलानिया**

अलीगढ़ और गोंडा की घटनाओं ने हिला दी है भारतीय सामाजिक नींव

भारत में परिवार केवल खून से नहीं, संस्कारों से बंधा होता है। हमारी परंपरा में रिश्तों को ईश्वर तुल्य माना गया है – सास को मां का दर्जा, दामाद को बेटे के बराबर सम्मान, और परिवार को मंदिर की तरह पूजनीय समझा गया है। लेकिन हाल ही में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ और गोंडा में जो घटनाएं सामने आईं, उन्होंने इन पवित्र संबंधों को लज्जित और कलंकित कर दिया।

इन घटनाओं में महिलाएं अपने दामाद के साथ भाग गईं, जो केवल एक पारिवारिक संकट नहीं, बल्कि भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर गहरा प्रहार है।

रिश्तों की गरिमा का पतन – और इसके परिणाम

इन घटनाओं का असर सिर्फ दो व्यक्तियों तक सीमित नहीं है। इससे पूरे परिवार, बच्चों, सामाजिक व्यवस्था और पीढ़ियों तक को झटका लगता है।

1. बच्चों की मासूम सोच पर चोटःजब एक बच्चा देखता है कि उसकी मां या दादी जैसे रिश्ते, जिन्हें वह सुरक्षा और ममता का पर्याय मानता था, वही भरोसे के गढ़ को तोड़ते हैं, तो उसके मन में संबंधों के प्रति घृणा और असुरक्षा का भाव घर कर लेता है। ये बच्चे बड़े होकर या तो अत्यधिक कट्टर बनते हैं या पूरी तरह रिश्तों से विमुख।

2. समाज में अविश्वास का जहर फैलता हैः जहाँ लोग पहले दामाद को ₹बेटा₹ मानते थे, अब शंका और संदेह की दीवारें खड़ी हो जाती हैं। हर रिश्ते पर नजर रखने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है, जो समाज में द्वेष, असुरक्षा और असंतुलन का कारण बनती है।

3. युवाओं में नैतिक दिशाहीनताः जब समाज ऐसे मामलों पर चुप्पी साध लेता है, तो युवा पीढ़ी इन घटनाओं को सामान्य मानने लगती है। वे सोचते हैं कि अगर मां/दादी ने ही मयार्दा तोड़ी, तो उन्हें कौन रोकेगा?

संस्कार क्यों ढह रहे हैं?

हमारे यहां विवाह एक सामाजिक अनुबंध नहीं, धर्म का हिस्सा है।

लेकिन अबः संयुक्त परिवारों का विघटन ाधुनिकता की अंधी दौड़ सोशल मीडिया पर अनियंत्रित संपर्क मानसिक विक्षिप्तता या अकेलापन

इन सबने मिलकर पारिवारिक संरचना को खोखला कर दिया है।

परंपरा कहती हैः संयम, सम्मान और सीमाएं ही रिश्तों की नींव हैं

हमारे शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है – ₹मयार्दा पुरुषोत्तम राम₹ इसलिए पूजनीय हैं क्योंकि उन्होंने मयार्दा का पालन किया।जब घरों में लक्ष्मण रेखाएं मिटने लगती हैं, तो हर रिश्ता संदिग्ध हो जाता है।

और जब मां समान कोई रिश्ता वासनात्मक स्वार्थ के नीचे दब जाए, तो संस्कारों की अर्थी निकलती है।

समाज के लिए चेतावनी-अगर ऐसी घटनाओं पर हम खामोश रहते हैं, या उन्हें केवल व्यक्तिगत मामला कहकर टाल देते हैं, तो वह दिन दूर नहीं जब हर घर में भरोसे का शव पड़ा होगा और रिश्ते केवल समझौतों और आकर्षण के आधार पर तय होंगे।

परिवारों को संवाद बढ़ाना होगा।

संस्कारों की शिक्षा बचपन से देनी होगी।

रिश्तों की सीमाओं का आदर हर सदस्य को सिखाना होगा।

ऐसे मामलों पर सामाजिक मंचों से कठोर प्रतिक्रिया और सुधारात्मक चर्चा होनी चाहिए।

अलीगढ़ और गोंडा की घटनाएं सिर्फ खबर नहीं, चेतावनी हैं।

ये घटनाएं कहती हैं –₹यदि हमने अब भी संस्कारों को नहीं संभाला, तो कल संस्कार हमें नहीं संभाल पाएंगे।₹

समय आ गया है कि हम भारतीय संस्कृति की मयार्दाओं को पुनः जीवित करें, वरना अगली पीढ़ी रिश्तों के बिना सिर्फ नामों में जीएगी।

# राफेल, राष्ट्रवाद का मजाक

अजय राय उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था और पराजित हुए थे। टीवी चैनलों पर एक वीडियो चलता रहा है, जिसमें अजय राय के हाथ में राफेल लड़ाकू विमान का खिलौना है, जिस पर नींबू और हरी मिर्च लटके हैं। यह हमारी प्राचीन परंपरा है। मान्यता है कि नींबू-मिर्च बांधने से दुर्भाग्य की देवी प्रसन्न होती हैं और अनिष्ट नहीं करतीं। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल का सौदा करने फ्रांस गए थे, तो उन्होंने एक विमान पर ह्यस्वास्तिकह्न बनाया था और विमान के पहियों पर नींबू-मिर्च बांधे थे। उस यूरोपीय देश को भी वह रीति-रिवाज अटपटे नहीं लगे थे। आस्था, विश्वास और रीति-रिवाज का सम्मान किया जाना चाहिए। अजय राय के अलावा, देश में किसी भी नेता और नागरिक को नींबू-मिर्च बांधने पर कोई आपत्ति नहीं है और न ही किसी ने 4-5 पीढ़ी के लड़ाकू विमान की ह्यआक्रामकताह्न पर कोई सवाल किया है। अलबत्ता पहलगाम नरसंहार के बाद जरूर कुछ सवाल किए गए हैं। यही तुष्टिकरण की राजनीति है। शायद उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष को यह जानकारी नहीं है कि कांग्रेस मुख्यालय की नई इमारत पर नींबू-मिर्च अब भी लटके हैं। क्या अजय राय कांग्रेस के इस कथित अंधविश्वास का मजाक उड़ाने का दुस्साहस कर सकते हैं? इधर अजय राय राफेल का खिलौना लेकर देश की सेना का अपमान कर रहे हैं, उधर पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर सुर्खियां छाई हैं कि भारत के सियासतदां मोदी सरकार के अंधविश्वास का मजाक उड़ा रहे हैं। समझ नहीं आता कि कांग्रेस कार्यसमिति में प्रस्ताव पारित किया जाता है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार दोहरा रहे हैं कि पार्टी इस दौर में मोदी सरकार के साथ खड़ी है।

सरकार पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ जो भी फैसला लेगी, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी, लेकिन कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेता और प्रवक्ता अनर्गल सवाल उठा कर देश की फजीहत करने पर आमादा हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पाकिस्तान में ह्यसर्जिकल स्ट्राइकह्न पर ही सवाल उठाए हैं। बहरहाल राफेल पर तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान अभियान छेड़ा था और ह्यचौकीदार चोर हैह्न का जुमला उछाल कर प्रधानमंत्री मोदी पर घूसखोरी का आरोप चस्पा किया था। बावजूद इसके कांग्रेस के सिर्फ 44 सांसद ही जीत कर संसद में आ पाए थे। सर्वोच्च अदालत ने न केवल फटकार लगाई थी, बल्कि 14 दिसंबर, 2018 को राफेल सौदे संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया था। आज देश युद्ध सरीखे हालात से गुजर रहा है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश भेजे हैं कि हवाई हमले के सायरन बजने, ब्लैक आउट, नागरिकों और छात्रों को युद्ध की आंशिक ट्रेनिंग आदि पर ह्यमॉक ड्रिलह्न की जाए। 1971 के बाद यह कवायद की जा रही है। प्रधानमंत्री ने सभी शीर्ष स्तरीय मुलाकातें और बैठकें की हैं। देश में हलचल महसूस की जा रही है, लेकिन अजय राय सवाल कर रहे हैं कि आखिर राफेल का कब इस्तेमाल किया जाएगा? उसके नींबू-मिर्च कब खोले जाएंगे? युद्ध और हमलों की जानकारी कभी सार्वजनिक की जाती है क्या? राफेल और अन्य सैन्य रणनीतियां भी एक किस्म का ह्यराष्ट्रवादह्न हैं। एक डिजिटल आतंकवाद को भी आजकल ह्यराष्ट्रवादह्न का नाम दिया जा रहा है। दरअसल ये हरकतें राष्ट्रवाद का मजाक ही हैं। पहलगाम नरसंहार की पीड़ित हिमांशी मात्र 6 दिन ही सुहागिन रह सकीं। उन्होंने अपने पति और देश की नौसेना ने अपने युवा लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोया है, लेकिन एक भीड़ सोशल मीडिया के जरिए हिमांशी को ही ट्रोल कर रही है। उसे हिंदू-विरोधी, राष्ट्र-विरोधी और पाकिस्तान-समर्थक करार दे रही है। हिमांशी ने सिर्फ इतना कहा था कि आतंकियों को सजा दी जाए, लेकिन मुसलमानों और कश्मीरियों को निशाना न बनाया जाए। उसे जो कहा गया, यहीं हम राष्ट्रवाद की असली लड़ाई हार जाते हैं।

# जन शिकायतों के रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति में आया सुधार, 26वीं रैंक से 17वीं रैंक पर पहुंचा जनपद

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, 07 मई। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति में सुधार आया। 26वीं रैंक से 17वीं रैंक पर आया जनपद।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद में पदभार ग्रहण करने के साथ ही बैठक कर समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के क्रम में स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता से बात करना व उसे पूरी बात से अवगत कराना आवश्यक है, जिससे जब लखनऊ से उसके पास फोन आये तो वह यह बता सकें कि संबंधित विभाग द्वारा हमसे सम्पर्क किया गया। निर्देश दिए गए थे कि अंतिम दिन देर रात निस्तारण फीड ना करें इससे शिकायत के डिफाल्टर होने की सम्भावना रहती है। बल्कि इस



कार्य को समय से करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए थे कि समस्त अधिकारी अपने कार्यालय में एक कर्मचारी लगाये जो शिकायतकर्ता से फोन कर उनका फीडबैक लें कि वह शिकायत निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। नोडल अधिकारी शिकायत को भी कर्मचारी लगाकर फीडबैक लेने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी के प्रयासों से जनपद की रैंकिंग में उछाल आया है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय के अंदर किया जाये। उक्त के साथ एक ही शिकायत के बार-बार अपलोड होने को लेकर भी विस्तार से निर्देश दिए गये हैं और निर्देशित किया गया है कि कोई भी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण दफ्तर में बैठ कर ना करें, बल्कि मौके पर जाकर ही शिकायत का निस्तारण किया जाना चाहिए। उसी का परिणाम है कि जनपद की रैंकिंग में वृद्धि हुई है।

### एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. आरपी सिंह ने कहा...

# देशवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जरूरी थी सर्जिकल स्ट्राइक

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेलीः आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक देशवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जरूरी थी। आज का हिंदुस्तान किसी भी तरह के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है। हमारी सेना हर परिस्थिति में दुश्मन का मुकाबला करने की ताकत रखती है। सेना के पास अत्याधुनिक संसाधन, तकनीक और साधन हैं। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. आरपी सिंह ने कही। कर्नल सिंह ने कहा कि पहलगांव में आतंकी हमले के बाद वर्तमान में देश में जो हालात हैं। इस हालात में आतंकी कैंपों पर सेना की सर्जिकल स्ट्राइक लोगों की मनोभावना के अनुकूल है। यह आम लोगों के साथ सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए भी जरूरी थी।




हालांकि सरकार जलसंधि रद करने जैसे कूटनीतिक कदम पहले ही उठा कर पाकिस्तान की घेराबंदी कर चुकी है। इससे पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर है। पाकिस्तान को नेस्तनाबूत करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक भी उसी दिशा में एक कदम है।

लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. आरपी सिंह ने कहा कि किसी भी तरह की युद्ध की स्थिति में देश की सेना को सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। सिविल डिफेंस के रूप में हम सबको सेना का सहयोग देना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम सरकार द्वारा जारी प्रोटोकाल का पालन करें। आपात स्थिति में सायरन बजने पर सुरक्षित स्थान पर जाना है, ब्लैक आउट की स्थिति में घर में कैसे रहना है। घर में बुजुर्गों को 1972 के बार के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां याद होंगी। तब कैसे ब्लैक आउट के समय सभी लोग सेना का साथ दे रहे थे। युद्ध जैसी परिस्थिति में ऐसी स्थिति आ सकती है ऐसे में हम सबको अपनी भूमिका का सही से पालन करना चाहिए। घबराना नहीं है। परेशान नहीं होना है। सुरक्षित स्थान पर जाना है और प्रशासन के दिशानिदेशों का पालन करना है। यही देश के लिए और सेना के लिए बड़ा सहयोग होगा।

# अमरोहा में आचार संहिता उल्लंघन, सरधना विधायक अतुल प्रधान ने किया आत्मसमर्पण

## ढाई घंटे न्यायिक हिरासत में रहे, मिली जमानत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमरोहा। आचार संहिता उल्लंघन में सरधना विधायक अतुल प्रधान ने बुधवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। अदालत ने उन्हें ढाई घंटे न्यायिक हिरासत में रखने के बाद 20-20 हजार के दो जमानती और व्यक्तिगत मुचलके पर जमानत दे दी। मामला 2020 में नौगांवा सादात उपचुनाव के दौरान प्रचार बंद होने के समय के बाद भी प्रचार करने का है । आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को आत्मसमर्पण करने पहुंचे सरधना विधायक अतुल प्रधान को कोर्ट ने ढाई घंटे न्यायिक हिरासत में रखा। बाद में उन्हें बीस-बीस हजार के दो जमानती व उतनी ही धनराशि का व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करने पर न्यायालय ने जमानत दे दी। कोर्ट से बाहर निकलने के बाद विधायक ने भाजपा सरकारों पर हमला बोला ,कहा कि संविधान में दी गई नागरिकों को बोलने की आजादी अधिकार का हनन किया जा रहा है। जबकि, देश की न्यायपालिका ने हर दौर में गणतंत्र की रक्षा की है। नौगांवा सादात विधानसभा



सीट पर तीन नवंबर 2020 को उपचुनाव के लिए मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर अनुसार एक नवंबर की शाम पांच बजे के बाद चुनाव प्रचार पर पूर्ण पाबंदी थी लेकिन, मेरठ निवासी वर्तमान सरधना विधायक अतुल प्रधान अपने 10-12 समर्थकों के साथ समय बीतने के बाद भी गांवों में घूमकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में जबरदस्त प्रचार कर रहे थे। अतुल प्रधान उस समय समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें नन्हेड़ा से जमपुरी बमनिया के पास प्रचार करते पकड़ लिया था।

इस दौरान पुलिस और अतुल प्रधान के बीच नोकझोंक भी हुई थी। दो नवंबर 2020 को मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम ने आचार संहिता के उल्लंघन में अतुल प्रधान और उनके 10-12 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इस मामले की सुनवाई एसीजीएम द्वितीय अवधेश कुमार तृतीय की अदालत में चल रही थी। बुधवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आत्मसमर्पण करने पहुंचे। अपने अधिवक्ता आरिफ मलिक के माध्यम से करीब 12:30 बजे न्यायालय में पेश हुए।

यहां न्यायालय ने विधायक अतुल प्रधान को ढाई घंटे न्यायिक हिरासत में रखा और बाद में बीस-बीस हजार के दो जमानती व उतनी ही धनराशि का व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करने पर जमानत दे दी है।

# स्थिति में सुरक्षित रहने का तरीका





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

अमरोहा । श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज, हसनपुर में बुधवार को विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को युद्ध की संभावित परिस्थितियों और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

सीओ दीप कुमार पंत ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें युद्धकाल में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों से अवगत कराया। सीओ ने छात्रों को बताया कि अप्रत्याशित युद्ध की स्थिति में घबराने की बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना आवश्यक है

# तौकीर रजा बोलेः 'सेना ने देश को किया गौरवान्वित, सलाम करते हैं', पाकिस्तान को लेकर मौलाना ने कही ऐसी बात

बरेली । मौलाना तौकीर रजा ने कहा यह काम यहीं नहीं रुकना चाहिए। इस वक्त सबसे बेहतर मौका है, जो गलती हमने आजादी के वक्त की थी उसमें सुधार कर पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं पूरे पाकिस्तान को हिंदुस्तान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि जो जख्म हमें पहलगाम में मिले थे, ये कार्रवाई उस पर मरहम है। हालांकि, यह पूरा इलाज नहीं है। लेकिन हमें भरोसा है कि सेना आतंकवादियों और उनके आकाओं को नेस्तनाबूद कर देगी। हमें अपनी सेना पर गर्व है। सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। देश का बच्चा-बच्चा आज सेना को सेल्यूट कर रहा है।

उन्होंने कहा यह काम यही नहीं रुकना चाहिए। इस वक्त सबसे बेहतर मौका है, जो गलती हमने आजादी के वक्त की थी उसमें सुधार कर पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं पूरे पाकिस्तान को हिंदुस्तान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बनना धर्म का नहीं, सियासत का मसला था। मौलाना ने कहा कि शरीयत किसी बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देती। पहलगाम में जो कुछ हुआ वह आतंकवाद था, इसकी इस्लाम इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा यह सही समय है जब अखंड भारत को आमली-जामा पहनाया जा सकता है।

# अवर अभियंताओं द्वारा दी गई बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंताओं की हड़ताल को अठारह दिन पूरे हो गए हैं। हड़ताल अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग कुलदीप संत हटाने की मांग को लेकर चल रही है।

संघ के प्रांतीय महामंत्री ने अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह को अधिशासी अभियंता के जल्द स्थानांतरण न किए जाने और जेईयों की समस्या का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंताओं की हड़ताल को अठारह दिन पूरे हो गए हैं। हड़ताल अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग कुलदीप संत हटाने की मांग को लेकर चल रही है।

अधिशासी अभियंता को नहीं हटाए तो होगा बड़ा आंदोलन-उत्तर प्रदेश



डिप्लोमा इंजीनियर संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय महामंत्री की अगुवाई में अधीक्षण अभियंता एस पी सिंह से मिला। लोक निर्माण विभाग के जेई डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले चल रहा विरोध प्रदर्शन को लेकर प्रांतीय महामंत्री प्रकाश चंद के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह से मिले। जहां उन्होंने जल्द अधिशासी अभियंता का स्थानांतरण ने होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

द्वेषपूर्ण नीति से काम करते हैं कुलदीप संत -उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता ने समस्याओं का निदान न कर उनके विरूद्ध विभिन्न प्रकरणों पर अपनी शोषण एवं द्वेषपूर्ण नीति के अनुरूप की गई कार्रवाई से सदस्यों में अत्यधिक आक्रोश है। जिससे यह विरोध प्रदर्शन को एक बड़े आंदोलन का रूप देने की शुरूआत है।उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता के खिलाफ अन्य संगठन भी आंदोलन करने जा रहे है। तानाशाह अधिशासी अभियंता का स्थानान्तरण एवं सदस्यों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तब तक सदस्य हित में संघर्ष जारी रहेगा।

# ईदगाह के निकट शराब की दुकान हटवाने के लिए ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

रामपुर ।शाहबाद बुधवार को ईदगाह कमेटी शाहबाद के अध्यक्ष सैयद साजिद मियां के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला और ईदगाह की निकट नई शराब की दुकानों को हटाने के लिए एक ज्ञापन सोपा, ज्ञापन में बताया गया कि मुसलमानों के पवित्र धार्मिक स्थल के निकट बिलारी रोड निकट बिलारी बस स्टैंड शाहबाद के ठीक बराबर में दिनांक 1 अप्रैल 2025 से शराब की दुकान खुल गई है जो की बिल्कुल नियम विरुद्ध है साथ ही साथ वहां असामाजिक तत्वों के एकत्र होने तथा शराब पीने से माहौल बिगड़ने की आशंका है।ज्ञापन में यह भी जानकारी दी गई की इस रोड पर स्कूल भी स्थित है शराब की दुकान के सामने से छात्र-छात्राओं का गुजर होता रहता है ईदगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष सरफराज अली ने जिलाधिकारी रामपुर को जानकारी देते हुए बताया कि शराब की दुकान खुलने से समाज में गलत संदेश जा रहा है इसलिए दुकान हटाना समाज हित में है, प्रतिनिधि मंडल में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष सैयद साजिद मियां, कोषाध्यक्ष सैयद सरफराज अली, उपकोषध्यक्ष इंतखाब अली सदस्य लायक अली, सदस्य शाहिद हुसैन नईम मियां आदि लोग शामिल रहे।

# जेसीबी देख स्वयं दुकानें खाली करने लगे दुकानदार



शाहबाद। कोर्ट से बेदखली की कार्यवाही के बाद प्रशासन दुकानों को खाली कराने के लिए पहुंचा तो कुछ दुकानदारों ने कुछ दिन की मोहलत मांगी, एक स्थानीय नेता ने भी मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को समय देने को कहा। लेकिन तहसीलदार ने जिलाधिकारी से बात करने को कहा। प्रशासन ने थोड़ी ही देर में जेसीबी बुलवा ली। जेसीबी देखते ही दुकानदार स्वयं ही दुकानों से सामान निकालने लगे।

ईदगाह के निकट शराब की दुकान हटवाने के लिए ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल।

# शाहबाद में सरकारी भूमि से खाली कराई गई दुकानें

## तहसीलदार कोर्ट से धारा 67 के तहत बेदखली की कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

रामपुर शाहबाद। नगर के स्टेट बैंक के पास सरकारी भूमि पर बनाई गई दुकानें खाली कराई गई। तहसीलदार न्यायालय से इन दुकानों पर धारा 67 की कार्यवाही की गई। जेसीबी को देखते ही दुकानदार अपनी अपनी दुकानों से खुद ही सामान निकालने लगे।बुधवार को तहसीलदार राकेश चंद्रा और ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में राजस्व और नगर पंचायत की टीम सरकारी भूमि पर बनी दुकानों को खाली कराने के लिए पहुंची। कुछ दुकानदारों ने तो स्वयं ही दुकानों से अपना सामान खाली कर लिया जबकि कुछ दुकानदारों ने टीम से दुकानें खाली करने के लिए समय की मांग करते हुए तीखी बहस भी की। खबर लिखे जाने तक तहसीलदार राकेश चंद्रा और ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर मौजूद थे। उधर दुकानदार अपनी दुकानों से सामान निकाल रहे थे। प्रशासन दुकानों के ध्वस्तीकरण की तैयारी में लग गया।

तहसीलदार ने बताया कि दुकानों पर बेदखली की कार्यवाही की जा रही है, सभी दुकानदारों से दुकानें खाली कराकर जमीन कब्जे में ली जाएगी, उसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# मुरादाबाद मॉक ड्रिल, कोई छुपा कुर्सी के नीचे, वालंटियर देते दिखे सीपीआर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। पुंछ के पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना ने मंगलवार रात एक बड़ा कदम उठाते हुए ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया। सेना ने कुल 22 मिसाइलें दागी, जिसमें 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इस जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से पलटवार की आशंका जताई जा रही है, जिसे देखते हुए गृह मंत्रालय ने देश के कई अहम शहरों को अलर्ट पर रखा है। मुरादाबाद भी इस सूची में शामिल है।

पीएसी बटालियनों और सभी थानों पर मॉक ड्रिल की जा रही है

गृह मंत्रालय की एडवाइजरी के बाद मुरादाबाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिले में पुलिस



लाइंस, पुलिस एकेडमी, पीएसी बटालियनों और सभी थानों पर मॉक ड्रिल की जा रही है। इन अभ्यासों में नागरिकों को हवाई हमले के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल स्वयं पुलिस लाइन में मौजूद हैं और मॉक ड्रिल की निगरानी कर रहे हैं। मॉक ड्रिल के दौरान नागरिकों को घरों की लाइटें तुरंत बंद करने, सुरक्षित स्थानों पर जाने और घायलों की मदद करने जैसे अहम उपायों की जानकारी दी जा रही है।

प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# जूम मीटिंग के माध्यम से एसपी ने अधीनस्थों को दिये दिशा निर्देश





**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीटिंग के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना, शाखा व चौकी प्रथारियों को अपराध की रोकथाम व कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहार को लेकर दिशा निर्देश दिये है।

पुलिस अधीक्षक, मो० मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना /शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोक अदालत के दृष्टिगत समस्त थानो पर लम्बित सम्मन/वारण्ट का तामीला कराने के संबंध में व थाना

डायल-112 पर प्राप्त सूचना पर समस्त क्षेत्राधिकारियों/ थाना प्रभारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तो वही लूट/डकैती/चोरी/छिनैती की घटनाओं के रोकथाम हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने जनपद के लुटेरे, चोरो, नकबजनी के अपराधियों का सत्यापन 03 दिवस के अन्दर करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये जनपद के प्रत्येक थानों पर लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर निस्तारण हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। आगामी त्योहार (महाराणा प्रताप जी की जयन्ती/बुद्ध पूर्णिमा/ बड़ा मंगल) के दृष्टिगत प्रत्येक थाने पर पीस कमेटी की बैठक करने व पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना/चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादी ठिकाने हुए चकनाचूर : हरीश कपूर टीटू



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर । आज बुंदेलखंड विकास सेना ने घंटाघर पर पाकिस्तान मुदार्बाद एवं हिंदुस्तान जिंदाबाद भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान पर हुए अटैक ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए भारतीय सेना की जमकर तारीफ की और लोगों को मिठाई बाटी इस अवसर पर बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने जो बहादुरी का कार्य किया और आतंकवादियों के ठिकानों को जिस तरह बमबारी कर ध्वस्त किया किया इससे भारतीयों को भारतीय सेना पर गर्व महसूस हो रहा है इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा सुरेश बडेरा नरेंद्र कड़की राजेश चंद्रा लाखन यादव परवेज पठान प्रदीप पंडित राजकुमार कुशवाहा अमर सिंह बुंदेला चक्रेश जैन हेमंत सिंह चंद्रशेखर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# यूपी में रेड अलर्ट, मथुरा रेलवे जंक्शन पर बढ़ाई गई सुरक्षा...

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर



**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा । भारतीय सेना के पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। इसे देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मथुरा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने चेकिंग अभियान चलाया।

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सेना ने एयर स्ट्राइक किया। इसके बाद बुधवार रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने चेकिंग चला कर व्यवस्थाएं पर की।

आरपीएफ सहायक आयुक्त एके सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी के साथ जंक्शन के प्लेटफार्म एक और दो पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जंक्शन पर फोर्स तैनात की है। दिल्ली की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों पर टीम कोच में जाकर चेकिंग करेगी, इसके अलावा संदिग्ध चीजों पर भी टीम की कड़ी निगरानी रहेगी।

## कंपनी का हेलमेट पहने होने के बाद भी क्यों जा रही जान...

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा ।सड़क पर दोपहिया वाहन चालक यदि हेलमेट पहने हुए हैं, फिर भी दुर्घटना में मौत हो रही है। चाहे फिर हेलमेट कंपनी का ही क्यों न हो। मथुरा के एसपी ट्रैफिक ने बताया कि किस वजह से ये लोग जान गवां रहे हैं। सस्ते हेलमेट ही लोगों की जान बचाने में नाकाम साबित नहीं हो रहे, बल्कि कंपनी के महंगे हेलमेट भी दोपहिया वाहन चालकों की जान नहीं बचा पा रहे हैं। इसका कारण दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही है। बाइक और स्कूटी सवार कंपनी के महंगे हेलमेट खरीदने के बाद पहनते तो हैं, लेकिन उसका लॉक नहीं लगाते हैं। लॉक न लगे होने के चलते दुर्घटना के बाद हेलमेट सिर से निकल जाता है और वाहन चालक के सिर में गंभीर चोट लगती है। हेलमेट को लेकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। लोग सस्ते हेलमेट के चक्कर में अपनी जान की परवाह नहीं करते हैं। वहीं जिले में ऐसे लोगों की संख्या भी बहुतायत में है जो कंपनी का हेलमेट खरीदते हैं और उसका प्रयोग भी करते हैं, लेकिन हेलमेट का लॉक नहीं लगाते। बस यह छोटी सी लापरवाही दुर्घटना में उनकी जान जाने का कारण बन जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के स्पष्ट आदेश हैं कि हेलमेट पहनने में नियम का पालन न करने वाले वाहन चालकों का भी चालान होगा, लेकिन, पुलिस इस ओर ध्यान नहीं देती है। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चालक के सिर पर केवल हेलमेट देखती है।

# भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक, वृंदावन में बांटी गईं मिठाई



**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पहलगाम की घटना के 15 दिन बाद भारत सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। नगर की अनाज मंडी में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारीयों ने एकत्रित होकर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए भारतीय सेना को सलाम करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

इस मौके पर पदाधिकारीयों के द्वारा आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर विस्तृत जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि आज हर हिंदुस्तानी के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेवा ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर उनका खात्मा किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव है। आज हर देशवासी अपनी भारतीय सेना पर गर्व महसूस कर रहा है। हर देशवासी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेवा के साथ खड़ा है। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण दीक्षित, आनंद गुप्ता, भीमसेन अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, बालकिशन वार्ष्णेय, लक्ष्मी नारायण सैनी, मुकेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# हिंदू पक्ष में रार...एक ने कहा-रुक्मिणी के श्याम, दूसरा बोला- राधारानी ही हैं पहचान



**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के लंबित सिविल वाद में राधारानी को पक्षकार बनाने को लेकर हिंदू पक्षकारों में रार मच गई है। पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए एक पक्षकार ने कहा कि श्याम रुक्मिणी के हैं तो दूसरे पक्ष ने कहा कि राधारानी ही उनकी पहचान हैं। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत में मंगलवार को एक घंटे से ज्यादा बहस चली। वृंदावन के कौशल किशोर की राधारानी को वाद में बतौर वादी पक्षकार बनाने की याचिका पर वकालत करते हुए अधिवक्ता रीना एन. सिंह ने अदालत में कहा कि राधारानी से श्रीकृष्ण लला की पहचान है। वह दैवीय प्रेम की प्रतीक हैं। हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथ पद्म, स्कंद, नारद, ब्रह्मांड, ब्रह्मवैवर्त, मत्स्य, शिव पुराण के साथ-साथ देवी भागवतम में श्रीकृष्ण लला संग राधारानी के वैदिक विवाह और आत्मिक प्रेम का जिक्र मिलता है। इनके मुताबिक बचपन में ही श्रीकृष्ण लला का विवाह राधारानी संग ब्रह्मा जी ने कराया था। लिहाजा, राधारानी को सिविल वाद में बतौर वादी पक्षकार बनाया जाना न्यायहित में जरूरी है। वहीं, अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह व अनिल सिंह ने दावा किया कि श्रीकृष्ण का विवाह 31 साल की उम्र में रुक्मिणी संग हुआ था। राधारानी न तो जरूरी पक्षकार हैं और न ही उचित हैं। क्योंकि, उनका रिश्ता केवल भक्त और भगवान जैसा था। उनके बीच ऐसा कई रिश्ता नहीं था, जिसके कारण वह सिविल वाद की पक्षकार बनने की विधिक हैसियत रखती हों।

# गोल्फ कार्ट में लगी आग, दो गाड़ियां और एक मोटरसाइकिल जलकर खाक

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन की मल्टीलेवल वाहन पार्किंग में चार्जिंग पर लगी गोल्फ कार्ट में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दो गाड़ियां और एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। तीनों वाहन जलकर खाक हो गए। वृंदावन में रात मल्टीलेवल वाहन पार्किंग में चार्जिंग पर लगी गोल्फ कार्ट में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पास खड़ी दूसरी गोल्फ कार्ट और एक मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। यह घटना रात करीब 8:30 बजे हुई जब मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही दो गोल्फ कार्ट संयुक्त चिकित्सालय के पास पार्किंग में चार्ज हो रही थीं। प्रत्यक्षदर्शी रघुवीर सिंह के अनुसार, पहले 10 सीटर गोल्फ कार्ट में आग लगी और फिर कुछ ही क्षणों में दूसरी 14 सीटर गोल्फ कार्ट भी लपटों की गिरफ्त में आ गई। साथ खड़ी एक चालक की मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गई।

# मुरादाबाद की सुहाना ने अपनाया हिंदू धर्म, बरेली में शिवम के साथ लिए सात फेरे, परिजनों से जताया खतरा



बरेली। मुरादाबाद की रहने वाली युवती ने प्यार की खातिर अपना मजहब बदल लिया। उसने हिंदू धर्म अपनाने के बाद बरेली में अपने प्रेमी से शादी कर ली। युवती ने अपने परिवार वालों से जान को खतरा जताया है।

मुरादाबाद जिले के थाना मूढ़ा पांडेय के गांव खाईखेड़ा निवासी सुहाना ने हिंदू धर्म अपनाकर अपना नाम सोनी रख लिया। उसने बरेली के अगस्त मुनि आश्रम में अपने प्रेमी शिवम मौर्य के साथ सात फेरे लिए। शिवम बरेली का रहने वाला है। सोनी का कहना है कि वह बालिग है। हिंदू धर्म और मान्यताएं उसे बचपन से पसंद हैं। शिवम रुद्रपुर की एक फैक्टरी में काम करता है। उसने अपनी मर्जी से शिवम से शादी की है।

सुहाना और शिवम की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे का फोन नंबर ले लिया। दोनों के बीच बात होने लगी और कुछ ही दिनों में यह दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने एक-दूसरे को जीवन साथी बनाने का निर्णय कर लिया, लेकिन सुहाना के परिवार वाले शिवम से शादी के खिलाफ थे। इस पर सुहाना ने अपना घर छोड़कर प्रेमी के पास पहुंच गई।

केके शंखधार ने कराया दोनों का विवाह -सुहाना और शिवम आठ दिन पहले बरेली पहुंचे। यहां अगस्त मुनि आश्रम में पंडित केके शंखधार ने दोनों का विवाह कराया। दोनों ने ईश्वर को साक्षी मानकर अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए। सुहाना उर्फ सोनी ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि वह बालिग है। बिना किसी दबाव के उसने हिंदू धर्म अपनाया है।

सुहाना बोली- परिवार वाले दे रही धमकी -शिवम का कहना है कि उसने अपने माता-पिता को सुहाना से शादी के बारे में बताया तो वह मान गए, लेकिन सुहाना के परिवार वाले इसके लिए तैयार नहीं हुए। वह दबंग हैं और जान से मारने की धमकी रहे रहे हैं। सुहाना उर्फ सोनी का कहना है कि उसके परिवार वाले लगातार धमकी दे रहे हैं। परिवार वालों से उसे और उसके पति को जान का खतरा है।

# बिजली विभाग की आर डी एस एस योजना में बदलने थे जर्जर तार

## खोखले साबित हुए दावे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। बिजली विभाग के पुराने और जर्जर तारों व उपकरणों में हो रहे फाल्ट से नगर के कई मोहल्ले खतरे की जद में है। लालबाग, दीवान बाजार न्यारियों ढहरिया और नवाब पुरा मोहल्ले में बिजली के तारों की स्थिति दयनीय हालत में है।जबकि जिले में बिजली विभाग ने आर डी एस एस योजना के अंतर्गत पुरानी और जर्जर तार बदलने के लिए कई करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

विभाग के दावे हवाहवाई- महानगर के पुराने मोहल्लों में जमीन पर झूल रहे जर्जर हालत में तार बिजली की हकीकत बयान कर रहे हैं। जर्जर तारों में आए दिन होने वाले फाल्ट से वहां रहने वाले खुद को जान माल खतरा बता रहे हैं। बिजली विभाग की आर डी एस एस योजना में जिले में गिने चुने स्थानों पर कुछ जर्जर तारों को बदला गया है। जिस पर बिजली विभाग महानगर में शत प्रतिशत पुराने उपकरणों और तारों की बदलने का दावा कर रहा है।

रोज होते हैं फाल्ट- महानगर के पुराने मोहल्लों में जाने के बाद पता चला कि बिजली विभाग के दावे हकीकत इतर है। बात न्यारियों मोहल्ले से शुरू करते है, न्यारियों मोहल्ले में तहसील स्कूल पानी टंकी की पर बने विद्युत केंद्र के बाहर और आसपास अनसुलझे तारों के जाल में आए फाल्ट होता रहते है।वही लाल मस्जिद रोड पर बने विद्युत केंद्र की भी यही हालत है। वहां फाल्ट होने पर वक्ती तौर पर तारो में जोड़ लगाकर कम चल रहा है। वहीं जिगर रोड चौराहे सकड़ बीचों बीच बिजली की 11 हजार केवी की लाइन में जोड़ लगे है। जिसमें कभी भी फाल्ट हो जाता है। जिसके बाद सड़क पर चलते लोगों को जान बचाकर सड़क किनारे की ओर भागना पड़ता है।

गली मोहल्लों में फैला है तारों का मकड़जाल-कभी कभी तो चारो ओर सड़कों पर लोगों भीड़ लग जाती है। लालबाग मोहल्ले में पंचायती मंदिर के पास सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर पर सैकड़ों तारों के जाल में आए दिन फाल्ट होना आम बात हो गई। फाल्ट होने के वक्त ट्रांसफार्मर के पास बने घरों में रहने लोगों महीने में चार पांच बार घर से बाहर आना पड़ता है। ऐसे ही एक नजारा नवाब पुरा जोहरी बिडिंग के सामने रखे ट्रांसफार्मर के लटके तारों में फाल्ट होने से कई बार आस पास में बने हादसे की चपेट में आने बचे हैं। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारी के दावे खोखले साबित हो रहे।

तीन महीने से नहीं बदला गया कोई तार -बिजली आपूर्ति भी इस वक्त गर्मी आते ही परेशान करने लगी है। जिसका मुख्य कारण जर्जर हालत में तारों के अनसुलझे जाल हैं। इनमें महीने में 10 से 15 बार फाल्ट होना आम बात हो गई है। कई बार तो फाल्ट होने के बाद आधा एक घंटे तक तार लटके रहता बिजली कर्मचारियों से कई बार तार बदलने के लिए कहा गया है लेकिन आज तक कोई तार नहीं बदला गया।

फाल्ट होने की वजह जर्जर तार -अधीक्षण अभियंता नगर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आर डी एस एस योजना जिले के पुराने और जर्जर तार बदले गए हैं।पुराने मोहल्लों में कहीं तार नहीं बदले गए है और पुराने है तो उन्हे बदलवा दिया जाएगा। फाल्ट होने की मुख्य वजह जर्जर तार भी हो सकते हैं। लेकिन देखा जाए तो तारों और उपकरण क्षमता कई गुना अधिक भार पढ़ने से फाल्ट होने की स्थिति बन जाती है।

# भारत जैसी शक्ति से टकराने की हिमाकत ना करे पाकिस्तान, मिट्टी में मिल जाएगा: एसटी हसन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। भारत सरकार की ओर से की गई पाकिस्तान पर कार्रवाई पर खुशी जताते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए इसे देर से सही लेकिन उचित कदम बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हदें पार कर चुके थे, और जिस तरह से पहलगाम में निर्दोष लोगों का नरसंहार हुआ, उसकी इजाजत न कोई धर्म देता है और न ही इंसानियत।

**देश को इस कार्रवाई का इंतजार था देर हुई पर सही हुआ**

डॉ. हसन ने इस्लाम का हवाला देते हुए कहा कि ₹इस्लाम कहता है कि किसी बेकसूर का कत्ल, इंसानियत का कत्ल होता है।₹ उन्होंने कहा कि बीते 35 वर्षों से देश इन आतंकियों को झेल रहा था और अब वक्त आ गया था कि इन्हें जड़ से उखाड़ फेंका जाए। उन्होंने भारतीय सेना और सरकार को बधाई दी और कहा कि देश को इस कार्रवाई का इंतजार था।

देर हुई, पर सही हुआ। हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। आज कोई सियासी दल मायने नहीं रखता झ्र ना बीजेपी, ना सपा, ना कांग्रेस। हम सब भारतीय हैं। जब देश पर संकट आता है, तो हम अपने खून की आखिरी बूंद तक लड़ने को तैयार हैं।

पाकिस्तान पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान ने फिर से कोई हिमाकत की, तो उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। हमने सिर्फ आधे घंटे में उनके 24 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। एक छोटा सा मुल्क, इतनी बड़ी ताकत से भिड़ने की कोशिश न करे।




**मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर एस टी हसन**

### शहर मे चल रहा है जिला कलेक्टर का गोवशो को आश्रय अभियान

# आज भी है गोवंशों को आश्रय का इंतजार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथलः खैरथल शहर के मातौर रोड़ पर निराश्रित जानवरों का दिनभर जमघट लगा रहता है जो कि दिनभर झुंड में इधर-उधर विचरण करते रहते हैं, जिसके कारण स्थानीय वार्डवासी एवं दुकानदार परेशान रहते हैं। स्थानीय दुकानदार प्रकाश प्रजापत, बिल्लू जांगिड़, संदीप मिश्रा, बबलू जांगिड़, नवीन अग्रवाल, बृजमोहन जांगिड़ ने बताया कि कई बार ये जानवर आपस में



झगड़ा करते करते सड़क पर आ जाते हैं जिसके कारण दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। गोरतलब है कि वर्तमान में जिला कलेक्टर महोदय के द्वारा निराश्रित जानवरों के लिए मुहिम भी चलाई हुई है और 114 गोवंशों को आश्रय दिया गया है फिर भी शहर में खुलेआम आवारा गोवंश कूड़े के ढेरों मे भूखा घूम रहा है

## कांकरिया में बाबा परमानंद दास महाराज का मेला धूमधाम से भरा

### गांव के मुख्य चौक से मंदिर परिसर तक डीजे के साथ निकाली भव्य झांकी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं चंवरा। क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कांकरिया में ब्रह्मलीन संत परमानंद दास महाराज का वार्षिक मेला बुधवार को धूम धाम से भरा। मेले में सजी दुकानों पर ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। वहीं महिलाओं और बच्चों ने झूलों का लुफ्त उठाया। मेले में लगे झूले आकर्षण का केंद्र रहे। बुधवार सुबह मेला कमेटी द्वारा बाबा परमानंद दास महाराज की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी मुख्य चौक से शुरू होकर डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। झांकी का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। झांकी के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारा सुबह से देर रात्रि



तक चला। इसके बाद मेला कमेटी द्वारा मेले में आए हुए दुकानदारों की व्यवस्था करते हुए मेले का शुभारंभ किया गया। मंगलवार रात्रि को भागीरथ मल योगी एंड पार्टी द्वारा भजनों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। भजनों की ताल पर श्रोता झूम उठे। बाबाई थानाधिकारी कैलाश चंद ने मय पुलिस जाब्ते मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हेड कांस्टेबल मनोज, कांस्टेबल राजेश, चालक पृथ्वी सिंह मीणा और सुरक्षा सखी मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष कमल शर्मा, नवल शर्मा, बाबूलाल सिंह, अजय सैनी, बाबूलाल सैनी, सुभाष जांगिड़, महिपाल मीणा, राजकुमार सैनी, मुकेश कुमार सोनी, इंद्राज सैनी, मोहन शर्मा, हरिवंश शर्मा, दिनेश जोशी, रामेश्वर लाल बावड़ी आदि कार्यकर्ता मेले की व्यवस्थाओं में लगे रहे। इस दौरान काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गिरिजा व्यास श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट मौन किया

बूंदी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गिरिजा व्यास के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय बूंदी में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई सभा को संबोधित करते हुए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहां की घर पर पूजा करते समय उनकी साड़ी के पल्लू ने आग पकड़ ली थी जिसके उपरांत इलाज के दौरान उनका निधन हुआ जो कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरा जीवन कांग्रेस की रीति नीति और सिद्धांतों के अनुसरण में व्यतीत किया पार्टी को उनके द्वारा दी गई सेवाएं अतुल्य है इस अवसर पर पीसीसी के सदस्य सत्येश शर्मा,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकरण मीणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव लोचन गौतम,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव यासीन कुरेशी, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हारुण खान,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चेतराम मीणा, सचिव इश्तीहाक अली,पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, मोइनुदीन फॉरवर्ड,सेवादल के मुख्य संगठन राजकुमार सैनी,पूर्व मुख्य संगठन गोपाल दाधीच शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जीशान अली शिवम् गुर्जर सहित कांग्रेस के कार्यकर्त्ता आदि उपस्थित रहे

## भामाशाह संजय ने इक्यावन हजार रुपए का सहयोग किया

### नाथ समाज के गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जयंती पर होगें विभिन्न कार्यक्रम

ब्यूरो -एनपीटी

बूंदी। रानीपुरा क्षेत्र के कोरमा निवासी संजय योगी पुत्र कालूनाथ योगी ने भामाशाह के रूप में अपने हाथ बढ़ाए है। आगामी 12 मई को नाथ समाज के गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जयंती के पावन पर्व के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जानकारी के अनुसार नाथ समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ के प्राकट्य दिवस को लेकर आनंदी मैरिज गार्डन देवपुरा में आगामी 11 मई को रात्रि



कार्यक्रम सत्संग नाथ समाज के गायक कलाकारों द्वारा एवं यही पर आगामी 12 मई को गोरक्षनाथ महाराज की अक्षय जयंती पर भव्य शोभायात्रा, कलशयात्रा, विशाल भण्डारा सहित 21 कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न करवाया जाएगा। इसके निमित्त भामाशाह कोरमा निवासी संजय योगी वर्तमान में परिवार सहित जयपुर निवासरत है। इन्होंने गोरक्ष सेना राजस्थान, नाथ समाज के इस कार्यक्रम को लेकर इक्यावन हजार रुपए आर्थिक सहायता का सहयोग किया है। इस नेक कार्य के लिए गोरक्ष सेना परिवार ने उनका आभार जताया है।

## वन्यजीव संरक्षण पर रहे जोर-अतिरिक्त जिला कलक्टर

### जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

बूंदी । जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बूंदी शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती आबादी पर चिंता व्यक्त की गई और इसे नियंत्रित करने के लिए अगले 15 दिनों में प्रभावी कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मवेशियों को चारा डालने के लिए शहर में उपयुक्त स्थानों को चिन्हित करने पर भी सहमति बनी। वन विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे लवकुश वाटिका में पशु चिकित्सक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नंदी शाला की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध तरीके से कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। शहर में सांप पकड़ने वालों (स्नेक केचर) की एक सूची नगर परिषद को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे सांपों के निकलने की



घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जा सकें। जिला परिवहन अधिकारी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर मवेशियों के सींगों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि रात के समय दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बैठक में घायल बंदर, मोर और अन्य वन्यजीवों के रेस्क्यू पॉइंट बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य जानवरों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम लाल पारीक ने समिति की नियमित बैठक करवाने, पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली से समिति को सम्बद्ध करवाने, घायल पशु पक्षियों के उपचार व चिकित्सा के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने, चारागाह भूमि को पशुओं के अनुकूल बनवाने की बात कहीं।


बैठक में पुलिस उपअधीक्षक अरूण कुमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल मीणा, जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा, नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल पारीक, सदस्य विठ्ठल सनाढ्य, पृथ्वी सिंह राजावत, दौलतराम मालव, मोहनलाल कुम्हार, अशोक विजय आदि मौजूद रहें।

## लोकतंत्र सेनानी की पत्नी के उपचार व्यय के भुगतान पर विचार करें, कोर्ट का जबलपुर कलेक्टर को निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

जबलपुर । लोकतंत्र सेनानी मीसा बंदी की पत्नी के उपचार पर किए गए व्यय की राशि शासन ने इस आधार पर निरस्त कर दी कि संबंधित महिला की मृत्यु हो चुकी है। इस निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए जबलपुर कलेक्टर को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर 30 दिन के भीतर विचार कर नियमानुसार आदेश पारित करें।

यह याचिका आदर्श नगर, ग्वारीघाट रोड निवासी अजीत सिंह आनंद ने दायर की थी। उन्होंने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर हैं और उनकी मां हरजीत कौर का निधन दिसंबर 2023 में हो गया था। वह लकवे और हृदय रोग से पीड़ित थीं। उनके पति स्व. सरकार भगत सिंह लोकतंत्र सेनानी थे। उनके निधन के बाद हरजीत कौर को मीसाबंदी पेंशन मिलती थी।



याचिका में कहा गया कि शासन का स्पष्ट प्रावधान है कि मीसाबंदी या उनकी पत्नी को गंभीर बीमारी की स्थिति में चिकित्सा सहायता अनुदान दिया जाएगा। पहले भी जब उनकी मां बीमार थीं, तब उनके इलाज पर हुए खर्च की भरपाई शासन द्वारा की गई थी।

अक्टूबर 2023 में उनकी तबीयत फिर बिगड़ी और उन्हें लकवा तथा दिल का दौरा पड़ा, जिसके चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अजीत सिंह ने जिला कलेक्टर से चिकित्सा अनुदान के लिए आवेदन किया। उन्होंने दावा किया कि कलेक्टर ने मौखिक रूप से इलाज का खर्च वहन किए जाने का आश्वासन दिया था, जिसके आधार पर उन्होंने कर्ज लेकर मां का उपचार कराया। परंतु इलाज के दौरान 18 दिसंबर 2023 को उनकी मां का निधन हो गया।

बाद में शासन ने मृत्यु का हवाला देते हुए चिकित्सा अनुदान राशि देने से इनकार कर दिया। इस पर अजीत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना पक्ष स्वयं रखा। न्यायालय ने याचिका का निराकरण करते हुए कलेक्टर को 30 दिनों में उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

## अलवर में मॉकड्रिलः हवाई हमले से बचाव का अभ्यास, शाम 7:45 से ब्लैकआउट का निर्देश

अलवर, 7 मईः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देशभर में मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत देश के 294 शहरों में मॉकड्रिल की योजना बनाई गई, जिनमें राजस्थान के 23 शहर भी शामिल थे। अलवर में यह मॉकड्रिल डी मार्ट परिसर में शाम 3:55 बजे शुरू हुई।

मॉकड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों और प्रशासनिक इकाइयों को तत्परता और बचाव के तरीके सिखाना था। जैसे ही सायरन बजा, सूचना मिली कि किसी स्थान पर बड़ी घटना घटी है। इसके बाद अलवर जिला प्रशासन की टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। जिला कलेक्टर डॉक्टर अर्तिका




शुक्ला के नेतृत्व में सिविल डिफेंस, होमगार्ड, एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के 200 से अधिक जवान मौके पर पहुंचे।

अभ्यास के दौरान आपातकालीन सेवाओं की मुस्तैदी को परखा गया। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और सहायक उपकरण तुरंत मौके पर पहुंचे। मॉकड्रिल के तहत डी मार्ट के अंदर 15 लोगों को डमी के रूप में घायल अवस्था में दिखाया गया था, जिन्हें सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। इस दौरान नागरिकों को बताया गया कि हवाई हमले की स्थिति में खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित रखना चाहिए।

आज शाम 7:45 बजे से रात 8 बजे तक अलवर में ब्लैकआउट का निर्देश भी जारी किया गया है। जैसे ही सायरन बजे, नागरिकों को अपने घरों की लाइट और सड़कों पर चल रहे वाहनों की हेडलाइट बंद करने का निर्देश दिया गया है, ताकि संभावित हवाई हमले में शत्रु को नागरिक आबादी का स्थान पहचान में न आए।

डॉक्टर अर्तिका शुक्ला ने मॉकड्रिल को सफल बताते हुए कहा कि ऐसे अभ्यास नागरिकों और प्रशासन को आपात स्थिति में तत्परता और सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हैं।

## जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

बीकानेर- जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कक्षा 12वीं तक के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों, सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में अवकाश घोषित किया है।

जिला कलेक्टर एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष नम्रता वृष्णि ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 (अध्याय 4) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

इन आदेशों के अनुसार कक्षा 12वीं तक के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों, सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 7 मई से आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही 7 मई से प्रस्तावित परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई हैं।

## अलवर में विदेशी नागरिकों पर सख्तीः 117 बांग्लादेशी डिटेन, पहचान और वापसी का अभियान जारी

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत पूरे देश में विदेशी नागरिकों की पहचान और उन्हें वापस उनके वतन भेजने का अभियान तेज कर दिया गया है। अलवर जिले में भी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर बांग्लादेशियों की धरपकड़ का अभियान जारी है। अब तक पुलिस ने जिले के विभिन्न इलाकों से 117 बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेन किया है। इनमें बच्चे, महिलाएं और युवा भी शामिल हैं, जो अधिकतर ईंट भट्ठों पर काम कर रहे थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. तेजपाल सिंह ने बताया कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद विदेशी नागरिकों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार ने विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें



डिटेन करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं आदेशों की पालना में अलवर जिले में भी सघन अभियान चलाया जा रहा है।

अब तक जिले के रामगढ़, राजगढ़ और बगड़ तिराहा क्षेत्रों से इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। हालांकि, पुलिस का अभियान यहीं नहीं रुका है। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी विदेशी नागरिकों की पहचान का कार्य जारी है, और अन्य संदिग्ध नागरिकों को भी चिन्हित किया जा रहा है।


पुलिस ने जानकारी दी कि ईंट भट्ठों पर बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक कार्य कर रहे थे। इस सूचना पर पुलिस ने विभिन्न भट्ठों पर छापेमारी की, जहां से ये बांग्लादेशी परिवार पकड़े गए। डिटेन किए गए नागरिकों में महिलाएं, बच्चे, युवा और वृद्ध शामिल हैं।

पुलिस इनसे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वे भारत में कैसे दाखिल हुए और यहां उनके पास कोई वैध दस्तावेज हैं या नहीं। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि बॉर्डर पार करने में उनकी मदद किसने की और भारत में उनके दस्तावेज कैसे और कहां बने।

जिले में विदेशी नागरिकों की पहचान और वापसी का यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी संदिग्ध विदेशी नागरिक की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### शहर मे चल रहा है जिला कलेक्टर का गोवंशो को आश्रय अभियान

# आज भी है गोवंशों को आश्रय का इंतजार



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथलः खैरथल शहर के मातौर रोड़ पर निराश्रित जानवरों का दिनभर जमघट लगा रहता है जो कि दिनभर झुंड में इधर-उधर विचरण करते रहते हैं, जिसके कारण स्थानीय वार्डवासी एवं दुकानदार परेशान रहते हैं। स्थानीय दुकानदार प्रकाश प्रजापत, बिल्लू जांगिड़, संदीप मिश्रा, बबलू जांगिड़, नवीन अग्रवाल, बृजमोहन जांगिड़ ने बताया कि कई बार ये जानवर आपस में झगड़ा करते करते सड़क पर आ जाते हैं जिसके कारण दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। गोरतलब है कि वर्तमान में जिला कलेक्टर महोदय के द्वारा निराश्रित जानवरों के लिए मुहिम भी चलाई हुई है और 114 गोवंशों को आश्रय दिया गया है फिर भी शहर में खुलेआम आवारा गोवंश कूड़े के ढेरों मे भूखा घूम रहा है

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गिरिजा व्यास श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट मौन किया

बूंदी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गिरिजा व्यास के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय बूंदी मैं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई सभा को संबोधित करते हुए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहां की घर पर पूजा करते समय उनकी साड़ी के पल्लू ने आग पकड़ ली थी जिसके उपरांत इलाज के दौरान उनका निधन हुआ जो कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरा जीवन कांग्रेस की रीति नीति और सिद्धांतों के अनुसरण में व्यतीत किया पार्टी को उनके द्वारा दी गई सेवाएं अतुल्य है इस अवसर पर पीसीसी के सदस्य सत्येश शर्मा,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकरण मीणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव लोचन गौतम,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव यासीन कुरेशी, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हारुण खान,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चेतराम मीणा, सचिव इश्तीहाक अली,पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड,सेवादल के मुख्य संगठन राजकुमार सैनी,पूर्व मुख्य संगठन गोपाल दाधीच शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जीशान अली शिवम् गुर्जर सहित कांग्रेस के कार्यकर्त्ता आदि उपस्थित रहे

# भामाशाह संजय ने इक्यावन हजार रुपए का सहयोग किया

### नाथ समाज के गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जयंती पर होगें विभिन्न कार्यक्रम



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी ! रानीपुरा क्षेत्र के कोरमा निवासी संजय योगी पुत्र कालूनाथ योगी ने भामाशाह के रूप में अपने हाथ बढ़ाए है। आगामी 12 मई को नाथ समाज के गुरु गोरक्षनाथ महाराज की जयंती के पावन पर्व के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जानकारी के अनुसार नाथ समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ के प्राकट्य दिवस को लेकर आनंदी मैरिज गार्डन देवपुरा में आगामी 11 मई को रात्रि कार्यक्रम सत्संग नाथ समाज के गायक कलाकारों द्वारा एवं यही पर आगामी 12 मई को गोरक्षनाथ महाराज की अक्षय जयंती पर भव्य शोभायात्रा, कलशयात्रा, विशाल भण्डारा सहित 21 कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न करवाया जाएगा। इसके निमित्त भामाशाह कोरमा निवासी संजय योगी वर्तमान में परिवार सहित जयपुर निवासरत है। इन्होंने गोरक्ष सेना राजस्थान, नाथ समाज के इस कार्यक्रम को लेकर इक्यावन हजार रुपए आर्थिक सहायता का सहयोग किया है। इस नेक कार्य के लिए गोरक्ष सेना परिवार ने उनका आभार जताया है।

# कांकरिया में बाबा परमानंद दास महाराज का मेला धूमधाम से भरा

### गांव के मुख्य चौक से मंदिर परिसर तक डीजे के साथ निकाली भव्य झांकी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कांकरिया में ब्रह्मलीन संत परमानंद दास महाराज का वार्षिक मेला बुधवार को धूम धाम से भरा। मेले में सजी दुकानों पर ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। वहीं महिलाओं और बच्चों ने झूलों का लुफ्त उठाया। मेले में लगे झूले आकर्षण का केंद्र रहे। बुधवार सुबह मेला कमेटी द्वारा बाबा परमानंद दास महाराज की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी मुख्य चौक से शुरू होकर डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। झांकी का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। झांकी के बाद मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारा सुबह से देर रात्रि तक चला। इसके बाद मेला कमेटी द्वारा मेले में आए हुए दुकानदारों की व्यवस्था करते हुए मेले का शुभारंभ किया गया। मंगलवार रात्रि को भागीरथ मल योगी एंड पार्टी द्वारा भजनों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। भजनों की ताल पर श्रोता झूम उठे। बाबाई थानाधिकारी कैलाश चंद ने मय पुलिस जाब्ते मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हेड कांस्टेबल मनोज, कांस्टेबल राजेश, चालक पृथ्वी सिंह मीणा और सुरक्षा सखी मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष कमल शर्मा, नवल शर्मा, बाबूलाल सिंह, अजय सैनी, बाबूलाल सैनी, सुभाष जांगिड़, महिपाल मीणा, राजकुमार सैनी, मुकेश कुमार सोनी, इंद्राज सैनी, मोहन शर्मा, हरिवंश शर्मा, दिनेश जोशी, रामेश्वर लाल बावड़ी आदि कार्यकर्ता मेले की व्यवस्थाओं में लगे रहे। इस दौरान काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## वन्यजीव संरक्षण पर रहे जोर-अतिरिक्त जिला कलक्टर

### जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बूंदी । जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बूंदी शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती आबादी पर चिंता व्यक्त की गई और इसे नियंत्रित करने के लिए अगले 15 दिनों में प्रभावी कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मवेशियों को चारा डालने के लिए शहर में उपयुक्त स्थानों को चिन्हित करने पर भी सहमति बनी। वन विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे लवकुश वाटिका में पशु चिकित्सक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नंदी शाला की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध तरीके से कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। शहर में सांप पकड़ने वालों (स्नेक केचर) की एक सूची नगर परिषद को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे सांपों के निकलने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जा सकें। जिला परिवहन अधिकारी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर मवेशियों के सींगों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि रात के समय दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें।

## महिला पर्यवेक्षक भर्ती का रिजल्ट जून अंतिम सप्ताह तक जारी, 660 पदों पर होगी भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

भोपालः महिला पर्यवेक्षक भर्ती की परीक्षाएं 13 अप्रैल 2025 को संपन्न हो चुकी है अब कर्मचारी चयन मंडल द्वारा रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है 660 पदो के लिए रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह मे जारी हो सकता है जानकारी के अनुसार संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश के अंतर्गत पर्यवेक्षक के नियमित पदों पर सीमित सीधी भर्ती एवं खुली सीधी भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार से है पद कोड 01 पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकताओं से सीमित सीधी भर्ती (बैकलॉग) सिर्फ महिला आंगनवाड़ी कार्यकताओं हेतु 10 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 02 पर्यवेक्षक - खुली सीधी भर्ती (बैकलॉग) (सिर्फ महिलाओं हेतु ) के लिए 9 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 03 पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकताओं से सीमित सीधी भर्ती (सिर्फ महिला आंगनवाड़ी कार्यकताओं हेतु ) के लिए 321 पदो पर भर्ती की जाएगी पद कोड 04 - पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती (सिर्फ महिलाओं हेतु) के लिए 288 पद भरे जायेंगे पद कोड 05 पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती(मात्र पुरुषों हेतु) के लिए 32 पद भरे जायेंगे इन सभी पोस्टों के लिए वेतनमान 25300 से 80500 रहेगा यह भर्ती लंबे समय के अंतराल में आने से फॉर्म भरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है इस बार पुरुष अभ्यर्थियों ने भी फॉर्म भरे है पहले जो भर्ती निकाली गई थी उसमे केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए थी इस बार 660 पदो के लिए लगभग 590000 फॉर्म भरे गए थे सूत्रों के अनुसार महिला पर्यवेक्षक भर्ती 2024 का रिजल्ट जून के अंतिम सप्ताह में जारी किया जा सकता है

## सरस्वती शिशु मंदिर जयन्त का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



नेशनल प्रेस टाइम्स

कक्षा द्वादश के भैया अनुपम पाण्डेय ने अनुपम प्रदर्शन करते हुये जिले के सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परीणामों में सरस्वती शिशु मंदिर जयंत के छात्रों में उत्कृष्ट सफलता हासिल करते हुये संस्था के उच्च शैक्षणिक स्तर को प्रमाणित किया है। कक्षा 12 वीं की परीक्षा में संस्था के 54 छात्रों ने सफलता हासिल की। भैया अनुपम पाण्डेय ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तृतीयन स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान संकाय में अंशिका पाडेय ने 90.2 तथा वाणिज्य संकाय में पीयूष कुमार विश्वकर्मा ने 86.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया।

हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के 44 भैया। बहिनों ने सफलता हासिल की। भैया नरेन्द्र कुमार प्रजापति 94.8%, के साथ प्रथम स्थान, रोहित कुमार शाहू 91.2 के साथ द्वितीय स्थान, पूजा यादव 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण हुये। विद्यालय के अध्यक्ष व्यवस्थापक एवं प्रबंधकारिणी समिति ने भैया । वाहनों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद तिवारी और आचार्य परिवार ने भी भैया और बहिनों को शुभकामना देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एनसीएल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में निक्षय पत्र कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'निक्षय पत्र' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु उन्हें उचित पोषण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

एनसीएल की ह्लनिक्षय पत्रह्न पहल के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 6 माह की अवधि तक टीबी रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा जिसमें पौष्टिक आहार जैसे मूँगफली, चना, आटा, दाल और तेल जैसी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के पहले दिन ही 100 लोगों को फूड बास्केट का वितरण किया गया।

गत मंगलवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक रामनिवास शाह, जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, स्थानीय जन प्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. एन. के. जैन, जिला क्षय अधिकारी, डॉ. विशेष सिंह और सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, डॉ. डी. जे. बोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैतूल में सीएससी वीएलई कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। जिला पंचायत कार्यालय सभागार बैतूल में एक दिवसीय सीएससी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीएससी राज्य कार्यालय भोपाल से पहुंचे सीएससी राज्य प्रमुख अतुलित राय ने सभी सीएससी वीएलई को विभिन्न सीएससी सेवाओं और नए प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी वीएलई की समस्याओं का निराकरण करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में आयुष्मान कार्ड, बिजली बिल, लोन बाजार, डिजीपे आधार कार्ड, बैंकिंग सेवाएं, बीमा सेवाएं, टेली लॉ सर्विस, ग्रामीण ई-स्टोर, फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी जैसी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सीएससी सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीएलई को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यशाला में राज्य कार्यालय से सागर गुप्ता और रवि सिंह, एक्सिस बैंक से दीपक हरचंदानी, आईआईएफएल से राहुल, आधार हाउसिंग से आशीष आर्य, एचडीएफसी बैंक से मनीष शर्मा, एसबीआई इंश्योरेंस से राकेश भैरवा, आकाश कोलंकर और सीएससी जिला प्रबंधक कमलेश रघुवंशी और विशाल झपाटे उपस्थित रहे। सभी वीएलई को इंश्योरेंस, लोन बाजार और आधार यूसीएल कार्य के बारे में जानकारी दी गई।

## अपना दल (एस) के प्रभारी बने राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल



**एनपीटी,**

भोपाल, अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों अपना दल (एस) ने लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में अपनी जिला स्तरीय मासिक संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मध्य प्रदेश का प्रभार आर बी सिंह को सौंपे जाने की घोषणा की। इस नियुक्ति पर आर बी सिंह पटेल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि ₹पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा जाति जनगणना को सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि यह फैसला समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने में मददगार साबित होगा। मध्य प्रदेश में पार्टी की नई रणनीति के तहत संगठन को मजबूती मिलना तय है, वहीं प्रभारी की नियुक्ति पर कार्यकताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में लिटिल चैंप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत लाई रंग



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल ।लिटिल चैंप पब्लिक स्कूल मानस नगर बैतूल के विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन रहा कक्षा दसवीं के सौरभ पवार ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया । 12वीं के तन्मय लोखंडे एवं याशिका राठौर ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता में स्कूल के प्राचार्य भारत सूर्यवंशी एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई जिसका प्रमाण लिटिल चैंप्स स्कूल का रिजल्ट दे रहा है ।दसवीं के 36 विद्यार्थियों ने एवं 12वीं में 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। समस्त उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों के उचित अध्यापन एवं मार्गदर्शन को दिया इस अवसर पर विद्यालय के संचालक राठौर, अध्यक्ष बबली राठौर, प्राचार्य भरत सूर्यवंशी, संतोष यादव एवं समस्त शिक्षको ने विद्यार्थियों एवं पालकों को बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरना कोड / आदिवासी धर्म कोड को लेकर 9 मई को झामुमो देगी धरना प्रदर्शन

## बैठक में जिलाध्यक्ष- उपाध्यक्ष समेत उपासना मरांडी ने भी की सम्बोधन

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिले के धनुषपुजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय में झामुमो कार्यकर्ताओं की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एजाजुल ईस्लाम ने की। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा बिना सरना धर्म कोड/ आदिवासी धर्म कोड लागू किये बिना जातिगत जनगणना किये जाने के विरोध में आगामी शुक्रवार 9 मई 2025 को जिला मुख्यालय में होने जा रहे विशाल धरना प्रदर्शन के सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष एजाजुल ईस्लाम ने कहा कि विगत दिनों भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा पुरे देश में जातिगत जनगणना करवाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी मांग हमारी पार्टी वर्षो से करती आ रही थी। परन्तु हमारे राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार द्वारा सरना कोड/ आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखण्ड विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केन्द्र के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। परन्तु आज 5 वर्षो के उपरांत भी उक्त विधेयक पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई निर्णय नही लिया गया जो कि भाजपा की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए सरना धर्म कोड/ आदिवासी धर्म कोड को लागू किये बिना झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राज्य में जातिगत जनगणना नही होने देगी। इसके विरोध में झामुमो कार्यकर्ता आगामी 9 मई दिन शुक्रवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर कड़ा विरोध दर्ज करेगा और भाजपा के आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर करने का काम करेगी। वही जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने अपने सम्बोधन में कहा कि झामुमो आदिवासियों के हक- अधिकार की लड़ाई वर्षो से लड़ती आ रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार आदिवासीयों के हक की लड़ाई लड़ते हुए अपने कार्यकाल में झारखंड विधानसभा से आदिवासी धर्म कोड/ सरना धर्म कोड विधेयक को पास कर केन्द्र के पास अनुमोदन के लिए भेजने का काम किया, परन्तु आज तक आदिवासी को अलग धर्म कोड नही दिया गया। यह भाजपा के चाल व चरित्र को दर्शाता है। भाजपा मुंह में राम बगल में छुरी वाली राजनीति करने का काम कर रही है। लेकिन झामुमो इस अन्याय को बर्दाश्त नही करेगी। जब तक आदिवासी धर्म कोड लागू नही होता है, तब तक राज्य में जातिगत जनगणना नही होने दी जायेगी। इसके लिए जिले के सभी




प्रखण्डों से सैकड़ो की संख्या में लोग पहुचेंगे और अपना विरोध दर्ज करायेंगे। वह जिला उपाध्यक्ष हरिकेश चौबे ने अपने सम्बोधन में झामुमो के विचारों जो रखते हुए आगामी 9 मई को होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव माईकल मुर्मू ने कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा यह कतई बर्दाश्त नही करेगी कि राज्य में बिना सरना धर्म कोड/ आदिवासी धर्म कोड के जातिगत जनगणना हो। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पूरे राज्य में कड़ा विरोध करेगी। वही झामुमो के युवा नेत्री सह- केन्द्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने भी सम्बोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यानाकर्षण कराते हुए झामुमो कार्यकताओं को जानकारी साझा किया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष पीटर मुर्मू, जिला कोषाध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, केन्द्रीय सदस्य सुनील टुडू, केन्द्रीय सदस्य विकास मुर्मू, केन्द्रीय सदस्य प्रतिमा पांडेय, महिला मोर्चा की पुर्व जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम ने भी सम्बोधित किया। मौके पर केन्द्रीय सदस्य पिंकु शेख, केन्द्रीय सदस्य निशा शबनम हांसदा, केन्द्रीय सदस्य उमर फारूक, केन्द्रीय सदस्य पोलिना मुर्मू, जिला संगठन सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, जिला संयुक्त सचिव तरुण मंडल, जिला कार्यालय सचिव मिथिलेश घोष, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, नगर सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन अंसारी, सचिव राजेश सरकार, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, सचिव सरकार टुडू, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, सचिव जावेद आलम, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा, सचिव जहीरुद्दीन मियां, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल उदूद, सचिव जेम्स सुशील हेम्ब्रम, जिला मीडिया प्रभारी मनोज चौबे, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, जहूर आलम, मंटू भगत, नसीम अहमद, पतरास मरांडी, मैनुद्दीन अंसारी, मुसर्रफ हुसैन, मोबारक हुसैन, सगीर अंसारी, विनोद मरांडी, लाल मोहम्मद अंसारी, एनामुल हक, इमदादुल अंसारी, एखलाकुर अंसारी, नीरज मड़ैया, कालिदास मुर्मू, सुशीला देवी, अन्ना हेम्ब्रम, शीलवंती मुर्मू, सुष्मिता मुर्मू, वैजंती देवी, मीना मुर्मू, मंजर आलम, आरिफ अंसारी, कदम रसूल, गुड़िया कुमारी, इस्माइल रहमान सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माल ढूलाई में धनबाद रेल मंडल भारतवर्ष में पहले स्थान पर बरकरार



एनपीटी ब्यूरो

धनबाद (झा०खं०), धनबाद रेल मंडल भारतवर्ष में माल ढूलाई के मामले में पहले एक स्थान पर बरकरार हैं। मंथली रिपोर्टिंग में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि अप्रैल माह तक धनबाद डिवीजन ने 16.55 मिलियन टन की लोडिंग कर भारत भर में पहले स्थान पर है और सैकेंड पॉजिशन पर बिलासपुर है। जिससे धनबाद डिवीजन करीब करीब माल ढूलाई में 1.10 ज्यादा है। आय के मामले में धनबाद रेल मंडल ने इस साल अभीतक 2 हजार 134 करोड़ की कमाई की है। जोकि सैकेंड पॉजिशन में रहे बिलासपुर से करीब करीब डेढ़ सौ करोड़ रु ज्यादा है.यात्री ढूलाई में इस साल अभीतक 24.34 लाख रहा जोकि पिछले साल की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है और यात्री आय में 44.70 करोड़ कमाए हैं जोकि पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। वडी आर एम ने यह भी बताया कि कई ट्रेनों के चलाने से धनबाद रेलवे को अच्छी आमदनी हो रही है.छळळ ट्रेन चलाने से 60 से 65 लाख, जम्मूतवी ट्रेन से 40 लाख और चंडीगढ़ चल रही ट्रेन से करीब 35 लाख रु कि अर्निंग रेलवे को हो रही है जोकि रेलवे द्वारा उठाया गया यह कदम काफी अच्छा साबित हुआ है.इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कई ट्रेनों के विस्तार पर जैसे जैसे डिमांड आ रहे हैं उसे पूरा करने की परिक्रिया भी चल रही है। बहरहाल जो भी हो, धनबाद रेल डिवीजन आए के क्षेत्र में तथा यात्री सुविधाएं बढ़ाने के मामले में निरंतर कार्य कर रही है.अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशनों का विकास होना है जिसपर भी कार्य एडवांस स्टेज पर है. आने वाले दिनों में धनबाद स्टेशन नये लुक में दिखेगा. इसके लिए, रेलवे ने 300 करोड़ रुपये का आवंटन कर दिया है.टेंडर परिक्रिया पूर्ण करने की परिक्रिया चल रही है।

# उपायुक्त ने जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान *परियोजना पदाधिकारी यूआईडीएआई रितेश श्रीवास्तव ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि जिला के सभी प्रखंडों में आधार सेवा केन्द्रों की संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में हो रही आधार अपडेट से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए बंद आईडी को पुन संचालन करने की दिशा में निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित महिला सुपरवाइजर के पास तीन आईडी है, तीनों संचालक का परीक्षा लेते हुए क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने डीआईओ एवं परियोजना पदाधिकारी यूआईडीएआई एवं सीएससी मैनेजर को रेंडमली प्रज्ञा केंद्र, पंचायत भवन, आधार सेंटर का औचक निरीक्षण करने एवं लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूलों में आधार कैम्प एवं पोस्ट आफिस को आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया। फर्जी आधार कार्ड न बने इसका विशेष ख्याल रखें।

बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ अंचलाधिकारी,एलडीएम, परियोजना पदाधिकारी

यूआईडीएआई, सीएससी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद ने जिला परिषद की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण



एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०),बीते बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद प्रीतिलता मुर्मू ने पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत नरोत्तमपुर पंचायत में जिला परिषद अंतर्गत पीसीसी रोड एवं निकासी नाला का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# बाजितपुर-भगैया सड़क निर्माण में जमीन के मुआवजे को लेकर रैयतों ने किया विरोध प्रदर्शन

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

गोड्डा,मेहरमा प्रखंड अंतर्गत सिंघाड़ी के रैयतों की जमीन पीडब्ल्यूडी द्वारा बाजितपुर-भगैया मुख्य मार्ग में जाने पर उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिलने पर रैयतों ने मंगलवार को विरोध जताया। इसकी अगुआई रैयत मुख्तार अली कर रहे थे। इस दौरान रैयतों ने निमार्णाधीन सड़क पर खड़ा होकर अपना विरोध जताया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान रैयत



मो मुख्तार अली ने बताया की पीडब्ल्यूडी द्वारा बाजितपुर भगैया सड़क का निर्माण कराया जाना था, इसके लिए भू अर्जन विभाग की ओर से बाजितपुर से भगैया तक हो रहे सड़क निर्माण के दौरान सैकड़ों रैयतों की जमीन ली गयी थी। इसके लिए भू अर्जन विभाग द्वारा तीन वर्ष पूर्व जमीन का कागजात भी जमा ले लिया गया। जमा होने के बावजूद भी तीन साल होने के बाद भी अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है।

वहीं इस संबंध में जब भू अर्जन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा संवेदक से पूछा जाता है, तो उनके द्वारा सिर्फ आज-कल कहकर आश्वासन दिया जाता है, लेकिन अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया है। जहां एक स्वर में रैख्यतों ने विरोध जताते हुए कहा कि जब तक मुआवजा नहीं, तब तक सभी रैख्यत मिलकर काम नहीं होने देंगे। वहीं रैय्यत मो गुजिया देवी का कहना है कि वे सभी कृषि पर आधारित थे। जमीन में अच्छे तरीके से खेती कर अपना घर चला रहे थे, सड़क निर्माण में सारा जमीन जाने के कारण परिवार भुखमरी के कगार पर है और अब तक जमीन का मुआवजा नहीं मिलने के कारण सभी परिवार के ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा है। मौके पर सियावती देवी, युनुस अंसारी, ऋषिकेश कुमार, सीमा देवी, अंजु देवी आदि उपस्थित थे।

# लोगांय में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

गोड्डा,पथरगामा । प्रखंड के रानीपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोगांय में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजित की गई। वहीं रानीपुर पंचायत की मुखिया जयरानी देवी की अध्यक्षता में पोषण क्षेत्र के अभिभावकों के साथ आयोजित बैठक में करीब 90 अभिभावक मौजूद थे। बता दें कि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सदस्यों के चयन को लेकर पर्यवेक्षक के रूप में वंश मोहन ठाकुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सियारडीह के सहायक शिक्षक एवं अब्दुल रज्जाक मध्य विद्यालय, बेलसर के सहायक शिक्षक मौजूद थे। इस दौरान पर्यवेक्षक द्वारा सदस्य, अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं



पर्यवेक्षक एवं मुखिया की उपस्थिति में सबसे पहले 12 सदस्य के चयन की प्रक्रिया शुरू की गयी। पर्यवेक्षक अब्दुल रज्जाक एवं वंश मोहन ठाकुर दोनों में संयुक्त रूप से बताया कि सदस्य का चयन के बाद अध्यक्ष के चयन के क्रमशः दो दावेदार दशरथ कुमार मेहरा व मुकेश रंजन सामने आये। पर्यवेक्षक ने बताया कि सदस्यों द्वारा दशरथ कुमार मेहरा को सात मत व मुकेश रंजन को तीन मत मिले। इधर उपाध्यक्ष पद के लिए दो सदस्य क्रमशः वीणा देवी एवं तोहफा कुमारी खड़ी थी, जहां सदस्यों ने वीणा देवी को सात मत व तोहफा कुमारी को तीन मत दिये। बताया कि पदेन सचिव विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार दास मनोनीत हुए, वहीं पदेन सदस्य शिक्षक सुबोध कुमार मेहरा, शिक्षक दिलीप दास, शिक्षक नागेंद्र कुमार महतो नियुक्त किये गये। पर्यवेक्षक ने बताया कि उत्क्रमित हाई स्कूल लोगांय के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के रूप में दशरथ कुमार मेहरा का चयन किया गया है, जबकि समिति उपाध्यक्ष पद पर वीणा देवी को नियुक्त किया गया।

## डीपीआरओ ने नरोत्तमपुर पंचायत भवन का किया निरीक्षण

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत नरोत्तमपुर पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वॉटर प्यूरीफायर, भस्मक एवं ज्ञान केन्द्र का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ज्ञान केन्द्र के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया। मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक, मोबिलाइजर, स्वंय सेवक उपस्थित थे।

बुनियादी सुविधा

मानत नदी बना हेरनहोपा के लिए अभिशाप,

# स्वास्थ्य, शिक्षा और शादी-ब्याह तक प्रभावित

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०) , लातेहार और चतरा जिले की सीमा पर स्थित बारियातू प्रखंड अन्तर्गत बालुभांग पंचायत का हेरनहोपा गांव आजादी के 75वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इस गांव के लिए मानत नदी एक बड़ी मुसीबत बन गई है। बरसात हो या गर्मी, नदी पार करना जान जोखिम में डालने जैसा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे गांव की स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होती रहती हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बीमार मरीजों के लिए नदी पार करना किसी परीक्षा से कम नहीं है। गांव के हरि यादव,कॉलेश्वर यादव, धनेश्वर भुइयां,दुरबी यादव, सावन गंझू, कंदन गंझू, बंधन मोची, बुधि यादव, हरदेव यादव, लोकनाथ यादव, राधा यादव, देवकी यादव, केशो गंझू, पद्दुम यादव, धानो मोची बताते हैं, की हमलोग एक टापू में रहने जैसा महसूस करते हैं। मानत नदी हर मौसम में चुनौती बन कर खड़ी रहती है। बरसात में तेज बहाव और गहराई तो गरमी में पथरीली रेत इन दिनों बेमौसम हुई तेज वर्षा से नदी बरसात की तरह उफान पर है। लोग जरूरी कार्य के लिए जान जोखिम में डाल कर नदी पार करने को मजबूर है। आगे कहा कि हमारे गांव से प्रखंड मुख्यालय बारियातू लगभग 28 किलोमीटर दूर है. जबकि चतरा जिला के लावलौंग प्रखंड महज 5 किलोमीटर है। जिस कारण अपने बच्चों को उच्च शिक्षा, शादी बियाह या अन्य सामान के खरीदी के लिए लावलौंग नजदीक होने के कारण अधिकांश



लोग लावलौंग ही जाते हैं। हेरनहोपा लावलौंग के बीच एक चौड़ी मानत नदी है. जो जान जोखिम में डाल कर आना जाना करते हैं. कई छात्राएं पढ़ाई छोड़ चुकी हैं क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें रोज नदी पार कर स्कूल भेजने का जोखिम नहीं उठाना चाहते.वर्षा के मौसम मे दर्जों पशुओं एंव सामान बह गया है । कई लोगों एवं छात्राओं को डुबने से बचाया गया है । गांव के ही छात्र पियुष कुमार, आयुष,परविण,निशा, अंकित,सोनी बताते हैं, हमा लोगों के लिए स्कूल जाना कभी-कभी नामुमकिन हो जाता है। खासकर बरसात के मौसम में तो स्कूल जाना छोड़ना ही पड़ता है। गांव के युवा बैजु राम,अंतु राम, निरू गंझू,राकेश यादव बताते हैं कि पिछले साल मेरी शादी सिर्फ इसलिए टूट गई क्योंकि लड़की वालों ने नदी की स्थिति देख ली थी। रिश्ता में बहुत परेशानी हो रही है। पंचायत के मुखिया केदार गंझू कहते हैं हर चुनाव में नेताओं द्वारा पुल निर्माण का वादा होता है, लेकिन चुनाव के बाद नेता भूल जाते हैं.कई बार प्रशासन, सरकार आदि के द्वार में ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। उप मुखिया बिनोद यादव कहते हैं, ह्यह सिर्फ हेरनहोपा नहीं, दर्जनों टोला की समस्या है। सैकड़ो लोग प्रभावित हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।हाल ही में लातेहार उपायुक्त एक दिवसीय कार्यक्रम में बालुभांग पंचायत सचिवालय पहुंचे थे।

जहाँ हम सभी ग्रामीणों ने मानत नदी पर पुल निर्माण के मांग किये थे। उपायुक्त ने दो जिला के सिमाना पर स्थित मानत नदी पर पुल निर्माण के लिए, राज्य सरकार को अभिलेख भेजने की बात कही थी। ग्रामीण संजय यादव, इंद्रजीत यादव, कौलेश्वर यादव, लवलेश यादव, पंकज यादव, अमन यादव, सतावन गंझू, अजय, गौतम, बालदेव, धनेश्वर भुइयां, किशन राम, मंजू देवी, विमला देवी, कविता देवी, रिना देवी, सविता देवी, छात्र मनिषा कुमारी, सोनी कुमारी, उषा कुमारी, पम्मी कुमारी, अंशु कुमारी, सहित कई अन्य ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम, लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष कुमार से अविलम्ब मानत नदी पर एक मजबूत और स्थायी पुल का निर्माण कराने का मांग किया है।

# कराटे वेलफेयर सोसाइटी ने निभाया राष्ट्र धर्म छात्रों को सिखाए आत्मरक्षा के दावपेंच

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद**। आज जहां युद्ध के खतरे को लेकर देश भर में नागरिकों को मार्कड्रिल के माध्यम से आपातकाल में खुद की सुरक्षा करना सिखाया जा रहा है। उस समय में कराटे वेलफेयर सोसाइटी देश और सेना के साथ मजबूती से खड़ी है देश के जवान बॉर्डर पर अपना कार्य कर रहे है वहीं देश के अंदर कराटे वेलफेयर सोसाइटी जैसी संस्थाओं ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है। संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक एवं संरक्षक बी एल बत्रा ने बताया कि संस्था ने आज अपने कोचों के साथ शहर के कई



स्कूलों में छात्रों को आत्मरक्षा के दावपेच तो सिखाए ही साथ ही युद्ध होने की स्थिति में कैसे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते है कि जानकारी दी। इस कड़ी में लाल कुआ स्थित ईश्वर चंद इंटर कॉलेज एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज में सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ईश्वर चंद्र इंटर कॉलेज के मैनेजर पवन त्यागी जी एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज के डायरेक्टर संदीप त्यागी जी ने संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया और सभी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित किया

ट्रैनिंग देने वालों में संस्था के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक राजीव मुंडेलवाल, ज्वाइंट सेक्टरी तुषार ठाकुर एवं प्रगति सिंह सिसोदिया मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर लगाते रहे हैं। जिनके तत्वाधान में अब तक हजारों लड़कियों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के दावपेच सिखाए जा चुके हैं।।

# पी एन एन मोहन पब्लिक स्कूल में आंकड्रिल व ब्लैक आउट की गहन जानकारी

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद** । पी एन एन मोहन पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) सेक्टर-5 वसुन्धरा गाजियाबाद में गृहमंत्रालय की ओर से जिला प्रशासन एवं सिविल डिफेंस गाजियाबाद दवारा आंकड्रिल व ब्लैक आउट की गहन जानकारी छात्र-छात्राओं तथा वि?द्यालय के समस्त विभाग को दी गई। इस आंकदिन में विभाग के अधिकारी वार्डन, महिला अधिकारी सहित 20 से 25 लोगों ने 'वीके शर्मा के नेतृत्व में हवाई हमले की पूर्व सूचना, हवाई हमले का लाल सकेत, हवाई हमले का लालवहरा संकेत, चेतावनी के लिए सायरन ध्वारा प्रसारित किए जाने वाले ध्वनि संकेत तथा हवाई हमले की पूर्व सूचना, सामरन दो मिनट तक क्रमशः 5 सेकेण्ड उच्च व 3 सेकेण्ड धर्मि स्वर से बजाकर छात्र-छात्राओं को मॉकड्रिल द्वारा समझाया। आपात स्थिति



व ब्लैक आउट जैसी स्थिति से संबंधित छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पूछे। वहीं उपस्थित सभी से अपील की गई कि वह अपने आस-पड़ोस में भी इस जानकारी को साझा करें तथा देश भक्ति को ध्यान में रखकर अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी अपने कर्तव्य का पालन करें। इस मॉकडिल में अन्य विद्यालयों से आए शिक्षको ने अपने विद्यालय में छात्रों व स्टाफ को समझाया। विद्यालय के चैयरमेन सुनील कुमार शर्मा, मैनेजर श्रीमती संगीता शर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती शशी शर्मा तथा समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे। सभी ने देश को इस आपात स्थिति में सहयोग करने की अपील की कि प्रत्येक नागरिक के लिए उसका राष्ट्र सर्वप्रथम है।

# हिंडन एयरपोर्ट से 14 शहरों की उड़ानें अस्थाई तौर से रद्द, यात्रियों को हुई परेशानी




गाजियाबाद। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के भीतर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के बाद हिंडन एयरपोर्ट से फिलहाल, 14 शहरों के लिए उड़ानें रद्द कर दी है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर घुसकर एयर स्ट्राइक की है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिंडन एयरपोर्ट से तीन एयरलाइंस कंपनियों की 14 शहरों की उड़ान फिलहाल अस्थाई तौर पर रद्द कर दी गई है। स्टार एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन कंपनी ने एकंस पर इसकी जानकारी दी है।

# युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने को गाजियाबाद में मॉक ड्रिल, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। भारत सरकार के निर्देश पर ऑपरेशन अभ्यास के तहत बुधवार को जिले में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य लोगों को आपदा के दौरान सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और राहत व बचाव तंत्र को प्रभावी बनाना रहा।

जिले के विभिन्न स्कूलों में मॉक ड्रिल कराई गई, जिसमें विद्यार्थियों को बताया गया कि युद्ध या किसी अन्य आपदा की स्थिति में वे स्वयं और अपने परिवार को किस तरह सुरक्षित रख सकते हैं। प्रशिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने, प्राथमिक उपचार देने और आपात सेवाओं को कैसे सूचित किया जाए, इसकी जानकारी दी।

इस बीच, जिला स्वास्थ्य विभाग को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में आयोजित बैठक में आपात स्थिति से निपटने को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले के सभी प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में तय किया गया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इन संस्थानों में दवाओं, उपकरणों और मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अस्पतालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जिले के निजी अस्पतालों को भी सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आपात चिकित्सा सेवाएं देने के लिए तैयार रहने को कहा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में इलाज में देरी या संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए।

# मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने किया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना की सराहना

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



असमः मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक सम्पादन करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना किया है । उन्होंने कल रात भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की भारी सराहना की। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए कल यह अभियान चलाया गया था। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के बेस सहित नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले शामिल थे। मुख्यमंत्री संगमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, #OperationSindoor भारत याद रखता है और भारत वापस लड़ता है। आतंकवाद के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। मुख्यमंत्री संगमा अंत में अपने एक्स हैंडल पर 'जय हिंद' का जिक्र करते हुए अपना देशप्रेम भावना व्यक्त करते हैं ।

## ग्राम पंचायत तित्तरवाडा विकास खण्ड कैराना जनपद शामली

पत्रांक- 01 दिनांक 07.05.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत तित्तरवाडा विकास खण्ड कैराना जनपद शामली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में अंत्येष्टि स्थल / पंचम वित्त 15वाँ वित्त / मुख्यमंत्री पुरूस्कार मनरेगा एवं अन्य योजना अर्न्तगत होने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे बालू रेत, मिटटी भराव कार्य, ईट, सीमेंट, कोरसेंट, सरिया, रोडी, डस्ट, पक्की रोडी, इण्टर लांकिग टाईल्स, फलोर वॉल टाईल्स 2, स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत) 3. बैंच (सीमेंट) 4. टंकी फिटिंग 5. हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर 6. फर्नीचर (स्कूल, आगनवाडी केन्द्र, पंचायत घर आदि) 7. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री। 8. वाल पेंटिंग, फलेक्सी, यूनिपोल, 9. स्टेशनरी कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबीन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिंटर व आपरेटर। 10. चैनर, दरवाजे खिडकी आदि फैबरीकेशन 11. कोरोना से बचाव सम्बन्धी सामग्री 12. साफ सफाई हेतु सामग्री व उपकरण 12. ओपन जिम, लाईब्रेरी 13. पाईप लाईन हेतु पाईप 14.ई-रिक्शा फोगिंग मशीन 15. वाटर कूलर कय आदि पंचायत भवन में जनसेवा केन्द्र तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यलय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से निविदाए 08.05.2025 को समय पूर्वाहन 12 बजे तक आमंन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाए 15.05.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यलय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/आयकर मे पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क दिनांक 12.05.2025 को 11 बजे तक पंचायत कार्यलय पर से प्राप्त किए जा सकते है। सम्बन्धित कार्य के लिए आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत तितरवाड़ा
विकास खण्ड
कैराना( शामली

**सचिव**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत तितरवाड़ा
विकास खण्ड कैराना (शामली)

# SP अमरोहा ने पुलिस कार्यालय का किए वार्षिक निरीक्षण:विभिन्न शाखाओं के रजिस्टर और अभिलेखों की जांच, दिए आवश्यक निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

अमरोहा । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 7 मई 2025 को पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया। एसपी ने वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा और प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ और सोशल मीडिया विभाग का भी निरीक्षण किया। विशेष जांच प्रकोष्ठ और फीडबैक सेल की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी शाखाओं के रजिस्टर और अभिलेखों की जांच की। अधिकारियों को इन अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव और नियमित अपडेशन के निर्देश दिए। एसपी ने सभी कर्मचारियों को निष्ठा और समर्पण से काम करने का निर्देश दिया।

# डीएम, नगर निगम गाजियाबाद बताएं बंदरों की समस्या के समाधान के लिए क्या प्रयास किए

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

गाजियाबाद। प्रयागराज-इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में बंदरों की समस्या पर डीएम, जीडीए व नगर निगम गाजियाबाद सहित सभी प्रतिवादियों से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि हलफनामा दाखिल कर बताएं कि बंदरों की समस्या के समाधान के लिए क्या प्रयास किए गए हैं।

हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में बंदरों की समस्या पर डीएम, जीडीए व नगर निगम गाजियाबाद सहित सभी प्रतिवादियों से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि हलफनामा दाखिल कर बताएं कि बंदरों की समस्या के समाधान के लिए क्या प्रयास किए गए हैं और भविष्य में इस समस्या से निपटने की क्या योजना है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने विनीत शर्मा और प्राजक्ता सिघंल की जनहित याचिका पर दिया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# एमआईईटी कुमाऊँ में 07 मई 2025 को सम्पन्न हुआ भव्य पूल कैंपस ड्राइव

## 325 छात्रों ने लिया भाग, कई नामचीन कंपनियों ने किया चयन

एनपीटी ब्यूरो

हल्द्वानी। एमआईईटी कुमाऊँ परिसर में दिनांक 07 मई 2025 को आयोजित हुआ बहुप्रतीक्षित पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव अत्यंत सफल और प्रभावशाली रहा। इस मेगा ड्राइव में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 325 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, बीटेक, बीफार्मा एवं डीफार्मा जैसे विविध पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाशाली छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। क्वेसकॉर्प ने 23 छात्रों को नियुक्त किया, जबकि एचसीएल के लिए हायरिंग कर रही कंपनी कोलेब्रा ने 18 छात्रों का चयन किया। थ्री आई इन्फोटेक द्वारा 18 छात्रों को जॉब ऑफर दिए गए। हाइक एजुकेशन ने 21 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया, जिनका अंतिम चयन परिणाम देर शाम तक घोषित किया जाएगा। वहीं अनंता बिजनेस सर्विसेज ने 12 और मैंगोसरेंज




ग्रुप ने 5 छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ. बी.एस. बिष्ट (प्रबंध निदेशक, एम.आई.ई.टी. कुमाऊँ), डॉ. तरुण कुमार सक्सेना (निदेशक, एम.आई.ई.टी. कुमाऊँ), शैलेन्द्र कुमार (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयक, एम.आई.ई.टी. समूह) एवं डॉ. कमल सिंह रावत (सीईओ, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन) विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

कंपनियों की ओर से आए मानव संसाधन प्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से गौरव (क्वेसकॉर्प), ध्रुव (कोलेब्रा), मीनाक्षी (थ्री आई इन्फोटेक), संदीप (मैंगोसरेंज), अमन (हाइक एजुकेशन) और प्रमोद (अनंता बिजनेस सर्विसेज) ने चयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न किया। संस्थान की ओर से आयुषी उपाध्याय (टीपीओ, एम.आई.ई.टी. कुमाऊँ), अनिल, टी.डी. तिवारी, हेमा नेगी, श्रद्धा सहित अन्य फैकल्टी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन पर निदेशक डॉ. तरुण कुमार सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों, कंपनियों और आयोजन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ड्राइव न केवल विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर रहा, बल्कि यह उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी है।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।